Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwaparivar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 79 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 26 सितम्बर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंज़िल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से बिगड़े हालात

■ रायपुर से बस्तर तक नदी नाले उफान पर, 13 जिलों में रेन अलर्ट




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है. राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी और बस्तर संभाग में भी तेज बारिश से नदी नाले उफान पर हैं. झमाझम बारिश की वजह से राजधानी रायपुर की निचली बस्ती के साथ ही कई मोहल्ले और कुछ घरों में भी जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है. यहां तक कि नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे की सडक़ों पर भी जल भराव देखने को मिल रहा है. रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाली रोड पर टाटीबंध ब्रिज के पास जल भराव की वजह से कुछ घंटे तक ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ.

राजधानी रायपुर के भाटागांव, सुंदर नगर, महादेव घाट, प्रोफेसर कॉलोनी, पुराना विधानसभा रोड, सड्डू सहित कई ऐसे इलाके हैं, जहां पर झमाझम और तेज बारिश की वजह से जल भराव की स्थिति बनी है. गुरुवार की शाम से लगातार बारिश की वजह से पानी भर रहा है. लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है.

मौसम विभाग ने उत्तर कोस्टल आंध्र प्रदेश में बने डीप डिप्रेशन की वजह से अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी दी थी. मौसम विभाग के मुताबिक डीप डिप्रेशन बनने के कारण प्रदेश के सभी जिलों में रविवार तक बारिश होने की संभावना जताई गई है. इस दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही एक दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है. यहां तक की एक ही दिन में 200 मिलीमीटर से भी अधिक बारिश हो सकती है.

दुर्ग जिले में शुक्रवार को लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने 25 सितंबर को जिले के सभी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है. आदेश सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त और बीएसपी स्कूलों पर लागू किया गया है. हालांकि आदेश सुबह करीब 10 बजे जारी होने के कारण कई स्कूलों की मॉर्निंग और डे शिफ्ट शुरू हो चुकी थी. कई विद्यार्थी स्कूल पहुंच चुके थे, जिन्हें बाद में छुट्टी की सूचना मिलने पर वापस लौटना पड़ा. त्रैमासिक परीक्षा को लेकर आगे अलग से निर्देश जारी किए जाएंगे।

## नशे में मिला एअर इंडिया का पायलट

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने ज्यूरिख-दिल्ली फ्लाइट के पायलट को नशे में पाए जाने के बाद सस्पेंड कर दिया है। उसे स्विट्जरलैंड में ही उतार दिया गया। उड़ान से पहले होने वाले कंपलसरी अल्कोहल टेस्ट में उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। जांच पूरी होने तक पायलट का निलंबन जारी रहेगा। यह मामला 6 सितंबर का है। टेकऑफ से पहले ग्राउंड स्टाफको पायलट से शराब की स्मेल आई थी। उन्होंने अफसरों को उसकी सूचना दी। जिसके बाद पायलट को विमान से उतार दिया गया। उसे उसी फ्लाइट से भारत भेजा गया था।

एयर इंडिया ने कहा, एयर इंडिया की सुरक्षा, नियमों या प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति है।



## लगातार मूसलाधार बारिश से गंगरेल बांध लबालब

■ सभी 14 गेट खुले, महानदी में 2.06 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया

**धमतरी (विश्व परिवार)।** कैचमेंट क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते धमतरी जिले के गंगरेल बांध में जलभराव अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच गया है। 32 टीएमसी क्षमता वाला गंगरेल बांध 100 प्रतिशत भरने के बाद जल प्रबंधन और सुरक्षा को देखते हुए सभी 14 रेडियल गेट खोल दिए गए हैं। सभी गेट खुलने के बाद बांध से महानदी में करीब 2 लाख 6 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। भारी मात्रा में पानी की निकासी को देखते हुए प्रशासन ने महानदी के तटवर्ती इलाकों और गांवों में हाई अलर्ट जारी किया है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार, 25 सितंबर की सुबह 8 बजे गंगरेल बांध में 64,117 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई थी। उस समय 10 गेटों से कुल 54,950 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। इसमें रुद्री बैराज के जरिए 6 हजार क्यूसेक पानी नहरों में और 48,950 क्यूसेक पानी सीधे महानदी में छोड़ा जा रहा था। इसके बाद कैचमेंट क्षेत्रों से लगातार पानी की आवक बढ़ती रही और बांध अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच गया। सुरक्षा को देखते हुए जल प्रबंधन समिति ने सभी 14 रेडियल गेट खोलने का निर्णय लिया, जिसके बाद महानदी में पानी की निकासी बढ़ाकर 2.06 लाख क्यूसेक कर दी गई।

अधिकारियों के मुताबिक बांध में पानी की आवक और जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले पानी की रफ्तार के आधार पर निकासी को नियंत्रित और समायोजित किया जा रहा है। वहीं गंगरेल से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण महानदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी की आशंका है। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने और नदी के बहाव क्षेत्र में जाने से बचने की अपील की है। गंगरेल के अलावा मुरुमसिल्ली, दुधावा और सोंढूर जलाशय भी लबालब हो चुके हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देशभर में कांग्रेस का प्रदर्शन

■ सुप्रीम कोर्ट में याचिका, 2 अक्टूबर से आंदोलन करेगी कॉकरोच जनता पार्टी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन किया। उत्तराखंड के देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने गुरुवार को ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे की डेडलाइन दी थी। एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में एसआईआर के फैसलों, दिशानिर्देशों और सॉफ्टवेयर बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने और करीब 13 करोड़ वोटर्स के नाम हटाने की एसआईटी जांच की मांग है।

## आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रतिष्ठित सम्मान

■ स्वास्थ्य सुरक्षा से जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पोर्टेबिलिटी क्लेम्स के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आठ वर्ष तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन 2026 में छत्तीसगढ़ को यह सम्मान प्रदान किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने छत्तीसगढ़ को पोर्टेबिलिटी क्लेम्स के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष्मान भारत योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र गहवई ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के किसी भी पात्र नागरिक को आर्थिक कठिनाई के कारण उपचार से वंचित न होना पड़े। बीमारी के समय परिवार को उपचार के साथ आर्थिक सुरक्षा का भरोसा मिले, इसी उद्देश्य से प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## राम मंदिर में कर्मचारी ने ही पकड़ी थी चढ़ावा चोरी



■ दावा- चोरी में 67 लोग शामिल, चंपत राय को विडियो भेजा, चार्जशीट में 10 खुलासे

**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने फैजाबाद जिला कोर्ट में 73,480 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। चढ़ावे की रकम चोरी होने का मामला पहली बार 4 जून, 2026 को सामने आया। चार्जशीट के मुताबिक, काउंटिंग रूम में कर्मचारियों को चढ़ावे के रुपए छिपाते हुए एक कर्मचारी ने ही देखा था। कर्मचारी आनंद चौधरी ने इसकी जानकारी तत्कालीन ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को दी और वीडियो भी भेजा। वीडियो में कुछ कर्मचारी कमर में नोटों की गड्डियां छिपाते नजर आ रहे थे। आनंद ने आशंका जताई कि चोरी में करीब 67 कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। घटना के दिन यानी 4 जून को चंपत राय अयोध्या में नहीं थे। 5 जून को चंपत ने अनिल मिश्रा, गोपाल राव और डॉ. नरेंद्र के साथ सीसीटीवी फुटेज देखे। इसके बाद मंदिर परिसर के CCTV फुटेज खंगाले गए। पुलिस के मुताबिक, चढ़ावा चोरी से जुड़ी 105 घटनाएं कैमरों में रिकॉर्ड मिलीं। 173 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। चार्जशीट में पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल से मिले डिजिटल साक्ष्य, गवाहों के बयान, बैंक खातों में नकद जमा, संपत्तियों की खरीद और बरामदगी के सबूत पेश किए हैं। ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव को आरोपी नहीं, बल्कि गवाह बनाया गया है।

## भारत को पोल वॉल्ट में पहली बार एशियन गेम्स मेडल



■ बरानिका ने ब्रॉन्ज जीता, गुलवीर को 10 हजार मीटर में सिल्वर, छठे दिन 6 मेडल मिले

**नागोया।** भारत ने एशियन गेम्स के पोल वॉल्ट में पहली बार मेडल जीता। बरानिका एलांगोवन ने महिलाओं की पोल वॉल्ट में 4.15 मीटर की ऊंचाई पार कर ब्रॉन्ज जीता। पोल वॉल्ट में खिलाड़ी लंबी डंडी की मदद से खुद को हवा में उठाकर एक पट्टी को पार करता है। शुक्रवार को एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर रेस में सिल्वर जीता। उन्होंने 28 मिनट 29.38 सेकेंड में रेस पूरी की। 2023 में इसी इवेंट में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। छठे दिन भारत ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 6 मेडल जीते। इसके साथ भारत के खाते में 23 मेडल हो गए हैं। चीन 157 मेडल के साथ टॉप पर है।

सुरुचि इंदर सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल किए। साउथ कोरिया 478.0 अंक के साथ दूसरे और ईरान 415.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने कोरिया पर 6.6 अंक की बढ़त बनाई। 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की टीम ने सिल्वर जीता।

## मुख्यमंत्री ने किया 21 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

■ मदकू में 68.96 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात, ट्रॉमा सेंटर और इको टूरिज्म सेंटर सहित कई बड़ी घोषणाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुंगेली जिले के ग्राम मदकू में 68 करोड़ 96 लाख 96 हजार रुपये की लागत के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, बिजली, खेल और जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री श्री साय 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित 'आंगन मिलन सेवा, रक्तदान एवं निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर' में भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास की गति तेज हो और जनसेवा की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो। गांवों में अच्छी सड़कें हों, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, माताओं और बच्चों को पर्याप्त पोषण मिले और गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक शासन की प्रत्येक योजना का लाभ सहजता से पहुंचे। इसी सोच के साथ हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को शासन के केंद्र में रखा है। उनके नेतृत्व में पिछले वर्षों में देश में विकास के साथ जनकल्याण का एक नया अध्याय लिखा गया है। छत्तीसगढ़ में भी हमारी सरकार प्रधानमंत्री जी की इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनसेवा के संकल्प को जनभागीदारी से और मजबूत करने का माध्यम है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और जनकल्याण की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी विस्तार मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ है कि नागरिक को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े, उसकी समस्या का समय पर समाधान हो और शासन की योजनाओं का लाभ उसे आसानी से मिले। इसी उद्देश्य से सरकार प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बना रही है।



# सेवा संकल्प अभियान में सरकारी कर्मचारियों से जबरिया रक्तदान करवाया जा रहा : कांग्रेस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को भाजपा सेवा संकल्प अभियान के रूप में मना रही है लेकिन इस अभियान के कार्यक्रमों के लिए सरकार के द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर अनैतिक और अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। मोदी के जन्मदिन के दिन पूरी सरकारी मशीनरी को लगा कर दीया जलवाया गया, अब स्कूली महिला शिक्षकों पर रक्तदान करने के लिए दबाव बनाया गया, रक्तदान करना वैच्छिक है, मोदी के जन्मदिन के नाम पर महिला कर्मचारियों से जबरिया रक्तदान करवाया जाना गलत है।प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मोदी के जन्मदिन के कार्यक्रम के लिए स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थियों को मोदी की तथाकथित उपलब्धियों पर नुक्कड़ नाटक करने के लिए दबाव बनाया जा रहा। 'नमो सेवा अनकही कहानियां' नाटक खेलने के लिए बच्चों पर महाविद्यालय प्रबंधन से दबाव डालने सरकार की ओर से कहा गया है।प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि जनता मोदी का जन्मदिन मनाना नहीं चाहती और भाजपा सरकार जबरिया जन्मदिन मनवाना चाह रही है। लोग 12 साल की महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है, सरकार अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके तथा सरकारी मशीनरी और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर सेवा संकल्प अभियान में शामिल होने दबाव डाल रही है।

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़-491002**
Indian Institute of Technology Bhilai, Dist.-Durg, Chhattisgarh-491002
Website: www.iitbhilai.ac.in

No. IITBhilai/Admin/2026-27/EoI/03

**रुचि की अभिव्यक्ति**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के अतिथियों के लिए रहने और खाने-पीने की सुविधा हेतु दुर्ग और रायपुर जिलों के होटलों के अनुबंध हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी हेतु https://www.iitbhilai.ac.in पर देखें।

कुलसचिव
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई

## कार्यालय मोटर कर्मशाला
## नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
## टिकरापारा थाना के पास, टिकरापारा रायपुर

क्रमांक: 1/386767/2026 / मो. कर्म/न.पा.नि./2026
रायपुर, दिनाक 25-09-2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर वाहन क्र. CG04L4227 ACE LOADER का संधारण कार्य कराया जाना है. जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | सामाग्री का नाम एवं कार्य का विवरण | कार्य की संख्या | अमानत राशि रु. (एफ डी. आर.) |
|---|---|---|---|
| 1 | FRONT BUCKET REPAIRE CHANGED PLATE ANGLE. BOTH SIDE B.D.BJEK KAN PATTI NEW MECKING | 1 JOB | |
| 2 | LOADER PLATE REPAIRING AND LOADER BODY REPAIRE | 1 JOB | |
| 3 | REDIATER COWLING AND | 1 JOB | |
| 4 | TIL TE CYLINDER REPAIRING | 1 JOB | |
| 5 | LOADER CYLINDER REPAIRING | 1 JOB | |
| 6 | COMPLETE WIRING LOOM | 1 JOB | |
| 7 | HYDROULIC HOSE PIPE | 20 PCS | |
| 8 | REDIATER SERVICING | 1 JOB | |
| 9 | TURBO REPAIRING | 1 JOB | |
| 10 | SWING CYLINDER REPAIRE CHANGED OIL SEAL AND MACHINING JOB | 2 JOB | |
| 11 | OIL COOLER SERVICING | 1 JOB | 16000.00 |
| 12 | ENGINE OIL | 15 LTR | |
| 13 | OIL FILTER | 1 PCS | |
| 14 | DIESEL FILTER | 1 PCS | |
| 15 | WATER SEPRETAR | 1 PCS | |
| 16 | AIR FILTER | 1 PCS | |
| 17 | TRANSMITION OIL | 20 LTR | |
| 18 | TRANSMISSION FILTER | 1 PCS | |
| 19 | FUEL STRAINER | 1 PCS | |
| 20 | AXAL OIL | 25 LTR | |
| 21 | MASTER CYLENDER ASSY. | 1 PCS | |
| 22 | BREAK PIPE STEEL | 1 SET | |
| 23 | KING PIN WORK CHANGE PIN BUSH & MACHINING JOB | 1 JOB | |
| 24 | SILENCER | 1 JOB | |
| | कुल राशि रू. | | 16000.00 |

इच्छुक फर्म दिनांक 07/10/2026 तक निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रु. 750/- (सात सौ पचास रु. मात्र) का डिमांड के नाम से जमा कर कार्यालयीन समय में कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त किया ड्राफ्ट (DD) **COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR** जा सकता है। निविदा फार्म दर सील एवं हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत किया जाना होगा तथा **दिनांक 12/10/2026** को 3:00 बजे तक कार्यपालन अभियंता, मोटर कर्मशाला टिकरापारा थाना के पास नगर पालिक निगम, रायपुर पिन कोड - 492001 के कार्यालय में पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही भेजा जाना होगा। निविदा उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी। अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**नोट:- किये गये कार्य पर 6 माह की वारंटी देय होगी।**

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देंवें**

कार्यपालन अभियंता
(मोटर कर्मशाला)
नगर पालिक निगम, रायपुर

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35684/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35684
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00820** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJAT LULLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAXMAN DAS LULLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH KUMAR KOSHLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHSAGAR KOSHLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35690/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35690
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M01901** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ZARINA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. HAFIZZUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ISHARAT BEGUM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AKHTAR AHMAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35691/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35691
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N00174** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TULSI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL NARAYAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MADANLAL DHIWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DASARU DHIWAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35704/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35704
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00455** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIJAY CHHABDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI HIRANAND CHHABDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHANKAR NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DANIRAM NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35714/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35714
वार्ड का नाम-29- गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334C00218** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT.GANGA BAI PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शहनाज बानो** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति - मोहम्मद एजाज** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र, प्रस्तुत** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35707/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35707
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331E00024** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL SHUKLA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O GIRJA PRASAD SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAMIR CHATURVEDI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O RAJKUMAR CHATURVEDI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35629/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35629
वार्ड का नाम-47- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443E00184** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RUDRA PRATAP SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE. RAMADHAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PUSHPA SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE. KAMLESHWAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु के उपरांत एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35700/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35700
वार्ड का नाम-47- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D0171A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAMLESH SEN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O MANIHAR SEN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. KAMLA BAI SEN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE. KAMLESH SEN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु के उपरांत एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35717/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35717
वार्ड का नाम-31 - नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 31 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328R00120** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNITA AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VINOD AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. RANJANA AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MANOJ AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./35626/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35626
वार्ड का नाम-39- ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560C00258** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SUDHANSHU BARWAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NAGENDRA BARWAY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RACHNA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHISHEK TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./35580/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35580
वार्ड का नाम-41- पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566F00227** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOVT. NAZUL LAND SHATRUHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BALDEV SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANISHA NAGRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE., BALDEV SINGH GADHEWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./35628/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35628
वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567F00788** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOVARDHAN LAL DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARAKH RAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. BHAGWANTIN SAHU W/O GIRDHARI LAL SAHU 2. CHHOTU SAHU S/O GIRDHARI LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**Email :birgaonmcp@gmail.com,**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 449 दिनांक 24.09.2026**
**वार्ड का नाम- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1338 युआईडी 41164** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दानेश्वर साहू, खिलेश्वर साहू, दुर्गावती साहू, जानकी साहू / स्व. शोभाराम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **धनकुवर साहू / संतोष साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24-09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**Email :birgaonmcp@gmail.com,**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 448 दिनांक 24.09.2026**
**वार्ड का नाम- स्वामी विवेकानंद वार्ड**
**वार्ड क्र. 6 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 6 मांग **पंजी क्र. 229 युआईडी 11663** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **छेदुलाल देवांगन / कुलेश्वर देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **द्विजेंन्द्र लाल देवांगन / स्व. छेदुलाल देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24-09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**Email :birgaonmcp@gmail.com,**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 447 दिनांक 24.09.2026**
**वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड**
**वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 21 मांग **पंजी क्र. 1395 युआईडी 22624** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **विभूति आनंद/ नवल किशोर प्रसाद** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **निहार रंजन / स्व. चित्तरंजन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24-09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**Email :birgaonmcp@gmail.com,**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 446 दिनांक 24.09.2026**
**वार्ड का नाम- महात्मा गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 34 मांग **पंजी क्र. 508 युआईडी 41171** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रेम हलधर / विश्वनाथ हलधर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कुमारी चंदा यादव / कमलेश यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24-09-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./35680/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35680
वार्ड का नाम-37 - शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516E00591** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARBHAJAN KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. KRIPAL SINGH RANA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JASVINDER SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE KRIPAL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसियतनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./35654/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 25-09-2026

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 35654
वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567F0001C** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MADHU TAMBOLI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH TAMBOLI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KESHAR BAI VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARI RAM VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# 'वंदे मातरम्' मां भारती की वंदना और राष्ट्रीय चेतना का स्वर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

■ मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों के साथ किया 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन, राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा विद्यालय परिसर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आचार्यों और उपस्थित नागरिकों के साथ 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। एक स्वर और एक लय में गूंजे 'वंदे मातरम्' से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर के विकास के लिए 50 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि मां भारती की वंदना, राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना का सशक्त स्वर है। स्वतंत्रता संग्राम के कठिन दौर में इस गीत ने देशवासियों के भीतर स्वाधीनता की चेतना जगाई और असंख्य क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा दी। 'वंदे मातरम्' का उद्घोष स्वतंत्रता सेनानियों के लिए राष्ट्रप्रेम, साहस और संकल्प की अभिव्यक्ति बन गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर हमें अपने गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और उनके त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का अवसर देता है। इसके साथ ही यह नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज विद्या भारती के आह्वान पर देशभर में 25 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक विद्यार्थियों और नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ मां भारती की वंदना राष्ट्रीय एकता और चेतना का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को 'वंदे मातरम्' के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका से परिचित कराने के साथ उनके भीतर राष्ट्रप्रेम एवं कर्तव्यबोध की भावना को और मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को, चाहे वह शहर में रहता हो या बस्तर-सरगुजा के किसी सुदूर अंचल में, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी प्रतिभा को निखारने के समान अवसर मिलें।

# बीआईएस, रायपुर शाखा कार्यालय ने होटल श्रेष्ठा में स्टेक होल्डर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व मानक दिवस 2026 के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा दिनांक 25 सितंबर 2026 को होटल श्रेष्ठा, रायगढ़ में स्टेकहोल्डर कॉन्क्लेव का सफ्ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायगढ़ क्षेत्र के उद्योग, विनिर्माण, शैक्षणिक संस्थानों, प्रयोगशाला एवं अन्य हितधारकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बीआईएस रायपुर शाखा कार्यालय के वैज्ञानिक - डी / संयुक्त निदेशक श्री फ्लेन्द्र कुमार, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) श्री राजीव लिल्हारे, जिंदल स्टील प्लांट, रायगढ़ के कार्यकारी निदेशक एवं यूनिट प्रमुख श्री देबोज्योति रॉय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रायगढ़ के महाप्रबंधक श्रीमती अंजु नायक तथा बीआईएस के उप निदेशक श्री राहुल कुमार गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में श्री फ्लेन्द्र कुमार, वैज्ञानिक - डी/संयुक्त निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मानकीकरण, गुणवत्ता तथा सतत विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने हितधारकों के बीच सहयोग एवं साझेदारी को सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण आधार बताया साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों एवं हितधारकों से जुड़ाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर राजीव लिल्हारे ने सीपेट की विभिन्न गतिविधियों एवं तकनीकी योगदान के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में रायगढ़ क्षेत्र के उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों, स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों में गठित मानक क्लबों के शिक्षकों एवं छात्र सदस्यों सहित 140 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। मानक क्लब के छात्र सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, जिसने कार्यक्रम में उत्साह एवं सहभागिता का वातावरण बनाया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हितधारकों, शैक्षणिक संस्थानों के मेंटर्स एवं बीआईएस से जुड़े रिसोर्स पर्सन्स को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस अब जनादेश पर ही उठा रही सवाल : मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के आरोपों पर किया पलटवार - चुनाव जीतें तो व्यवस्था सही, हारें तो ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल, यह कांग्रेस का दोहरा रवैया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों और छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा की जीत पर लगाए गए प्रश्नचिन्ह पर पलटवार करते हुए कहा है कि देश की जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस चुनावी पराजय के बाद अपनी नीतियों, नेतृत्व और कार्यशैली पर आत्ममंथन करने के बजाय हर बार हार का कोई नया बहाना तलाशती है। यदा-कदा चुनाव जीतने पर उन्हें ईवीएम दुरुस्त नजर आती है, मगर चुनाव हारते ही कभी ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं तो कभी एसआईआर पर। अब राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। श्री साय पत्रकारों के प्रश्नों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए तथा लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कथित गड़बड़ियों का दावा किया, जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव का भी हवाला दिया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकतंत्र में हार और जीत स्वाभाविक है। जनता जिस दल को जनादेश देती है, उसे सरकार चलाने की जिम्मेदारी मिलती है और जिसे जनादेश नहीं मिलता, उसे जनता के बीच जाकर अपना विश्वास पुन: अर्जित करना चाहिए। चुनाव परिणामों पर बार-बार संदेह जताने से कांग्रेस को जनता का विश्वास वापस नहीं मिलेगा। इसके लिए उसे अपनी नीतियों और कार्यशैली पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# एचएनएलयू और छत्तीसगढ़ पुलिस का साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

■ डिफेंडिंग द डिजिटल फ्रंटियर का आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** उभरते साइबर खतरों के प्रति जन-जागरूकता को मजबूत करने और डिजिटल सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नवा रायपुर के 'सेंटर फॉर इंटरनेट गवर्नेंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (CIGAI) ने छत्तीसगढ़ पुलिस के सहयोग से 24 सितम्बर 2026 को डिफेंडिंग द डिजिटल Frontier – ए साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्राइमर कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया। यह पहल छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी साइबर जागृति अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों (फैकल्टी) और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान साइबर अपराध के तेजी से बदलते स्वरूप, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, महिलाओं तथा संवेदनशील वर्गों से जुड़ी साइबर सुरक्षा चुनौतियों और डिजिटल युग में उभरते कानूनी पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, माननीय विधि एवं विधायी कार्य मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन) श्री गजेंद्र यादव ने साइबर अपराधियों के बदलते पैंतरों (मोडस ऑपरेंडी) पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपराधी अक्सर रिश्तेदारों या परिचितों का छद्म रूप धारण कर फर्जी कॉल के जरिए आम लोगों को निशाना बनाते हैं।

श्री यादव ने युवाओं से आग्रह किया कि वे ऐसी किसी भी अनजानी संचार व्यवस्था या कॉल पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल सेफ्टी एम्बेसडर बनने का आह्वान किया, ताकि वे अपने परिवारों, मित्रों और स्थानीय समुदायों तक साइबर सुरक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। एचएनएलयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.सी. विवेकानंदन ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीक का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह डिजिटल युग में रिस्पॉन्सिबल सिटिजनशिप (जिम्मेदार नागरिकता) का अनिवार्य हिस्सा है।

# प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग बीमार हो गया है: बैज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य विभाग बीमार हो गया है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में लोगों का इलाज है ही नहीं, भाजपा सरकार के लिये स्वास्थ्य विभाग केवल भ्रष्टाचार करने का अड्डा मात्र बना हुआ है। प्रदेश के वर्तमान 10 मेडिकल कालेजो में 2660 स्वीकृत पदो में से 1290 पद लगभग आधे खाली पड़े है। ऐसे में मरीजो का कैसे ईलाज होगा। जिला अस्पताल तो सुविधाओ के आभाव में दम तोड़ रहे। स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्रो में 65 प्रतिशत स्थानों तथा जिला अस्पतालो में 60 प्रतिशत पद खाली पड़े है। राज्य के सरकारी अस्पतालो में ईलाज कम भ्रष्टाचार अधिक होता है। प्रदेश के अधिकांश सरकारी अस्पतालो मेडिकल कालेजो में नकली दवाये उपयोग की शिकायते सामने आ चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि स्वास्थ्य बजट का सही क्रियान्वयन न होने, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफकी कमी, समय पर दवाओं की आपूर्ति न होने और मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के बजट में कटौती के चलते ही स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शहरी और मैदानी इलाकों में स्वाइन फ्लू ने भयावह रूप ले लिया है। अस्पतालों में वेंटिलेटर, आइसोलेशन वार्ड और जरूरी दवाओं का भारी अभाव है। विभागीय मंत्री विज्ञापनबाजी और कागजी बैठकों तक ही सीमित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि राज्य के लोगो की बड़ी उम्मीद मेकाहारा रायपुर तथा डीकेएस अस्पताल भी अव्यवस्था और सरकार की लापरवाही का शिकार है। मेकाहारा में करोड़ो की मशीने स्टालेशन के आभाव में तथा योग्य चिकित्सको होने के बाद मेकाहारा में सुविधाये नहीं होने के कारण लोगो के ईलाज में देरी होती है।

# दशलक्षण पर्व का हुआ समापन, आत्म आराधना में लीन रहे श्रावक

■ अनंत चतुर्दशी पर नगर के 16 मंदिरों से निकलीं श्रीजी की शोभायात्राएं, 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने रखा उपवास



**सागर (विश्व परिवार)।** जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के पर्वराज दशलक्षण पर्व का शुक्रवार, 25 सितंबर को विधि विधान एवं धार्मिक आयोजनों के साथ समापन हुआ। दस दिवसीय इस पर्व के दौरान श्रावकों ने संयम, तप, आत्मचिंतन और साधना के माध्यम से दस धर्मों की आराधना की। सागर नगर में चार मुनि संघों के सानिध्य में दशलक्षण पर्व मनाया गया।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर के 16 जैन मंदिरों से श्रीजी की भव्य पालकी एवं शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्राओं में बड़ी सं या में श्रद्धालु शामिल हुए।

अनंत चतुर्दशी पर 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने उपवास रखा, जबकि हजारों श्रद्धालुओं ने एक समय भोजन करने का संकल्प लेकर तप-साधना की। महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही ।

श्री मुकेश जैन ढाना ने बताया कि दशलक्षण पर्व के दौरान जैन धर्मावलंबियों ने नियम, संयम और श्रद्धा के साथ दस धर्मों की आराधना की। पर्व के अंतिम दिन जैन मंदिरों में भगवान का पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। शाम को मंदिरों में भव्य आरती हुई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

दशलक्षण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की गई। इसी अवसर पर जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक पर्व और अनंत चतुर्दशी का धार्मिक आयोजन भी विधिविधान से संपन्न हुआ।

जिन जिनालयों से श्रीजी की पालकी यात्रा नहीं निकाली गई, वहां घटयात्रा निकली। इसके बाद भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। विभिन्न मंदिरों में बाहर से आए विद्वानों का मंदिर समितियों द्वारा स मान भी किया गया।

# गूंजे गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे

■ गणपति महाआरती एवं जागरण में शामिल हुईं राज्य मंत्री डॉ. वर्णिका शर्मा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** साम्राज्य रेसीडेंसी सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति, रायपुर द्वारा श्री गणपति बप्पा की महाआरती एवं भक्ति मधुर जागरण का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में द्रमुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन की राज्य मंत्री एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा जी आई थीं,द्र जबकि द्रविशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री पीयूष जैन जीद्र विशेष रूप से उपस्थित थे। द्रकार्यक्रम की संयोजिका प्रिया गुप्ता जीद्र रहीं।

## डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा

गणपति बप्पा विघ्नहर्ता हैं, उनकी कृपा से ही समाज में एकता और संस्कार आते हैं।

कार्यक्रम संयोजिका प्रिया गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा – आज गणपति बप्पा की महाआरती में आप सभी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफ्ल बनाया। हमारा उद्देश्य गणेश उत्सव के माध्यम से समाज में भक्ति के साथ-साथ नारी शक्ति और बच्चों के संरक्षण का संदेश देना है। मैं मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा मेम एवं विशिष्ट अतिथि श्री पीयूष जैन जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने अपना कीमती समय देकर हमें आशीर्वाद दिया।

## विशिष्ट अतिथि श्री पीयूष जैन ने अपने उद्बोधन में कहा

साम्राज्य रेसीडेंसी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणपति महोत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया। मैं मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा जी का और कार्यक्रम संयोजिका प्रिया गुप्ता जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

# स्वच्छता को आदत बनाएं, तभी शहर होंगे स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ : अरुण साव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर को हमेशा साफ-सुथरा रखने और सुंदर बनाने का संदेश देने स्वच्छता ही सेवा और सेवा संकल्प अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम की टीम, ग्रीन आर्मी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठन और नागरिक एक साथ श्रमदान के लिए उतरे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने खुद अभियान में सहभागिता करते हुए लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित नहीं रखा जा सकता। इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना होगा, तभी हमारे शहर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनेंगे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./35683/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35683
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR652N00966 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती YASHWANT DEWANGAN पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. PUNARAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SAMEENA EKKA पिता/पति, श्री/श्रीमती SHANTI PRAKASH EKKA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./35682/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35682
वार्ड का नाम- 54 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446J1235G जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. SUNIL KUMAR TALREJA 2. OMPRAKASH TALREJA पिता/पति, श्री/श्रीमती 1. GHANSHYAM DAS TALREJA 2. GHANSHAM DAS TALREJA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती DEEPESH JADWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR JADWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./35679/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 25-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35679
वार्ड का नाम- 54 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651J0580D जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JAYA KHATWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. NARENDRA KHATWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MADHURI SINGH पिता/पति, श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## शोक संदेश
# सत्यनारायण जी सोनी



**रायपुर।** अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की महेश सभा के सदस्य राजेश एवं दीपक सोनी के पिताजी और शुभकरण जी सोमानी के जीजाजी, श्री सत्यनारायण जी सोनी का आज दिनांक 25/09/2026 को शाम 4.00 बजे दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल दिनांक 26/09/26 को सुबह 11.00 बजे निज निवास D-20, देवेंद्र नगर सेक्टर -5 से देवेंद्र नगर मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# साइबर ठगी की राशि वापसी पर प्रशिक्षण

**दुर्ग।** साइबर अपराध पीड़ितों की ठगी गई राशि को शीघ्र सुरक्षित कर वापस कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन दुर्ग स्थित दधीचि सभागार में प्रभावी संचालन पर रेंज स्तरीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों, साइबर कमांडो और बैंक अधिकारियों को साइबर ठगी के मामलों में त्वरित वित्तीय कार्रवाई की प्रक्रिया समझाई गई। मुख्य वक्ता सहायक पुलिस महानिरीक्षक कवि गुप्ता ने त्रक्ररू पोर्टल पर शिकायतों के निराकरण तथा रूक्ररू के माध्यम से ठगी की राशि वापस कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के 45 बैंक मैनेजर तथा थानों में पदस्थ 50 से अधिक साइबर कमांडो शामिल हुए।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# संपादकीय

## अवैध और असुरक्षित निर्माण

कुछ सवाल हैं, जो हर हादसे बाद उठते हैं। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी अवैध और असुरक्षित निर्माण तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी के साथ चल रहे आवासीय कारोबार का अड्डा बन गई है। कहानी एक जैसी होती है, सिर्फ घटना का स्थल और उसके शिकार पात्र बदल जाते हैं। हाल में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इमारत गिरने और आग लगने की घटनाओं पर गौर करें, तो उपरोक्त वाक्य सहज ही जुबान पर आ जाता है। इस सिलसिले की ताजा घटना दिल्ली के सत्य निकेतन में हुई, जहां वो इमारत ढही, जिसमें अनेक छात्र पेइंग गेस्ट के रूप में रहते थे। फिलहाल वहां हुई मौतों और दर्दनाक नज़ारे से लोग आहत हैं। लेकिन ऐसा ही जुलाई 2024 में हुआ था, जब एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी जा घुसा, जिससे तीन छात्रों की मौत हुई थी। इस वर्ष मई में साकेत इलाके में बिल्डिंग गिरी, तो जून में हौजरानी में बीएंडबी होटल में आग लगने से 23 लोगों की जान गई। ऐसी सारी घटनाओं में कुछ बातें समान रहती हैं। मसलन, इमारत का अनियमित इस्तेमाल, अवैध निर्माण, सुरक्षा नियमों की अनदेखी, आदि। आम शिकायत है कि ऐसा अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ ठेकेदारों और संपत्ति मालिकों की मिलीभगत से होता है। मसलन, सत्य निकेतन की घटना में सवाल उठे हैं कि क्या वह इमारत उतनी संख्या में छात्रों के रहने के लिहाज से निर्मित थी? क्या कॉमर्शियल लॉजिंग के लिए जरूरी इजाजत एवं सुरक्षा मंजूरी ली गई थी? जब लोग रह रहे थे, उसी समय बिल्डिंग के बेसमेंट में निर्माण कार्य कैसे चल रहा था? इसकी किसने अनुमति दी? क्या उस कार्य की निगरानी कोई सरकारी विभाग कर रहा था? ये वो सवाल हैं, जो हर हादसे बाद उठते हैं। मतलब साफ है। पूरी राष्ट्रीय राजधानी अवैध और असुरक्षित निर्माण तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी के साथ चल रहे आवासीय कारोबार का अड्डा बन गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक यहां 2024 में 113 और 2025 में 70 लोगों की जान आग और इमारत ढहने से जुड़े हादसों में गई। हर हादसे के बाद जांच और कार्रवाई की घोषणाएं होती हैं, लेकिन कभी यह जरूरत नहीं महसूस की जाती कि पूरी दिल्ली में आवासीय सर्वेक्षण करवाया जाए और अवैध रिहाइश को रोका जाए। जब तक ऐसा नहीं होता, सब यूं ही चलता रहेगा!

# दूरियां घटीं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी: मोबाइल

- मेडिकल यूनिटों से 4.66 लाख से अधिक मरीज लाभान्वित
- सेवा संकल्प अभियान: दूरियां घटीं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच
- बढ़ी: मोबाइल मेडिकल यूनिटों से 4.66 लाख से अधिक मरीज लाभान्वित

शशिरत्न पाराशर



धमतरी की मोबाइल मेडिकल यूनिटों ने रचा जनसेवा का नया अध्यायस्वस्थ समाज ही सशक्त और विकसित जिले की आधारशिला है। इसी सोच के साथ धमतरी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को नागरिकों के और अधिक करीब ले जाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की सीमाओं से आगे ले जाकर उन बस्तियों और क्षेत्रों तक पहुंचा रही हैं, जहां लोगों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचना हमेशा सहज नहीं होता। धमतरी जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिटों का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद से इन मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं ने जिले के विभिन्न शहरी, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा की पहुंच को मजबूत किया है। अब तक मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से 4 लाख 66 हजार 744 मरीजों का उपचार, 1 लाख 19 हजार 370 पैथोलॉजी जांच और 4 लाख 12 हजार 116 दवाइयों का वितरण किया जा चुका है। इस दौरान जिले में 5 हजार 839 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। शासन, प्रशासन की प्राथमिकता रही है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों को समय पर और सहज रूप से मिले। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी उद्देश्य को धरातल पर साकार करने का प्रभावी माध्यम बनी हैं। निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचने वाली इन यूनिटों में चिकित्सा दल द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक पैथोलॉजी जांच और उपचार के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लंबी दूरी तय कर स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने की आवश्यकता कम हुई है। स्वास्थ्य सुविधा को नागरिकों तक पहुंचाने की यह अवधारणा जन-केंद्रित प्रशासन की भावना को मजबूत करती है।

### चार मोबाइल मेडिकल यूनिटों से जिले में व्यापक कवरेज

धमतरी जिले में कुल चार मोबाइल मेडिकल यूनिट अलग-अलग क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। एमएमयू -1 और एमएमयू -2 के माध्यम से निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। एमएमयू -3 कुरुद-मगरलोड क्षेत्र तथा एमएमयू -4 नगरी-आमदी-भखारा क्षेत्र में संचालित है। इन यूनिटों के माध्यम से अलग-अलग बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर नागरिकों को उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की यह नियमित पहुंच बीमारी की पहचान और उपचार के साथ-साथ लोगों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत विकसित करने में भी सहायक बन रही है। धमतरी की मोबाइल मेडिकल यूनिटों ने रचा जनसेवा का नया अध्याय

### उपचार के साथ स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जोर

मोबाइल मेडिकल यूनिटों का उद्देश्य केवल मरीजों को दवा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। शिविरों में नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करने और चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व की जानकारी दी जा रही है। इससे सामान्य एवं मौसमी बीमारियों के प्रति सजगता बढ़ने के साथ नागरिकों में निवारक स्वास्थ्य देखभाल को लेकर जागरूकता का विस्तार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता लोगों के लिए भरोसे का माध्यम भी बन रही है।

### मैदानी समन्वय से सेवाओं में निरंतरता

मोबाइल मेडिकल यूनिटों के सुचारू संचालन में भव्या हेल्थ सर्विसेज प्रा. लि. की प्रबंधन एवं फील्ड टीम द्वारा आवश्यक समन्वय और मैदानी सहयोग किया जा रहा है। मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, शिविर आयोजन, आवश्यक संसाधनों तथा विभिन्न मैदानी गतिविधियों के बीच समन्वय से निर्धारित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में सहायता मिल रही है।

### आंकड़े बताते हैं सेवा की व्यापक पहुंच

4,66,744 उपचारित मरीज, 1,19,370 पैथोलॉजी जांच, 4,12,116 दवाइयों का वितरण और 5,839 स्वास्थ्य शिविर—ये आंकड़े केवल उपलब्धियों का विवरण नहीं हैं, बल्कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती पहुंच और नागरिकों के साथ मजबूत होते स्वास्थ्य तंत्र का परिचायक हैं। उल्लेखनीय है कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ को कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें एटीएम हेल्थ मशीन की सुविधा है, जिसके माध्यम से पचास से अधिक तरह के टेस्ट किए जाते है एवं मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट देने की सुविधा है। इन यूनिट्स के माध्यम से वंचित आबादी को मुफ्त दवा सहित घर पर प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। हर यूनिट में डॉक्टर्स, नर्स, लैबटेक्निशियन के साथ बुनियादी स्वास्थ्य उपकरणों की सुविधा उपलब्ध है। ये यूनिट सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली के साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में योगदान देंगे। राज्य शासन इस पहल का मूल उद्देश्य स्पष्ट है—स्वास्थ्य सुविधा नागरिकों तक पहुंचे, नागरिकों को सुविधा तक पहुंचने के लिए अनावश्यक दूरी न तय करनी पड़े। मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से धमतरी जिले में इसी जनकल्याणकारी सोच को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है। उपचार, जांच, दवा और जागरूकता को एक साथ लेकर चलने वाली यह व्यवस्था ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, संवेदनशील और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है।

**लेखक उप संचालक हैं**

## आलेख

# सेवा संकल्प अभियान : सेवा - योगदान से सामाजिक सरोकार

डॉ. ओम डहरिया

किसी गरीब मां के लिए वह क्षण कितना बड़ा होता होगा, जब उसके घर के चूल्हे पर धुएं के बजाय गैस की नीली लौ जलती है। किसी पिता के लिए वह कितनी बड़ी राहत होगी, जब उसे यह चिंता न हो कि आज बच्चों के लिए भोजन कहां से आएगा। बस्तर के किसी दूरस्थ गांव में रहने वाले जनजातीय परिवार के लिए वह कितनी बड़ी खुशी होगी, जब कठिन रास्तों को पार कर राशन उसके गांव तक पहुंचता है। वास्तव में सेवा का अर्थ इन्हीं छोटे-छोटे लेकिन अनमोल क्षणों में दिखाई देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने का अवसर हमें इसी व्यापक अर्थ में सेवा को देखने का अवसर देता है। यह यात्रा केवल पद और दायित्व की यात्रा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के संकल्प की यात्रा भी रही है। 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से हम प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ-साथ यह संकल्प भी लें कि विकसित भारत के निर्माण में हमारा अपना योगदान क्या होगा। सेवा का भाव किसी एक व्यक्ति या संस्था तक सीमित नहीं होता। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है, किसी जरूरतमंद की मदद करता है, स्वच्छता के लिए श्रमदान करता है, नदी या घाट की सफाई में अपना समय देता है अथवा अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है, तब राष्ट्र निर्माण की एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण ईंट रखी जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को इसी जनभागीदारी से जोड़ा। स्वच्छ भारत अभियान ने यह संदेश घर-घर तक पहुंचाया कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मी या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसी तरह गंगा और देश की अन्य नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसे प्रयासों ने नदी, घाट और पर्यावरण को लेकर समाज की भागीदारी को व्यापक बनाया। सेवा का यह स्वरूप हमें बताता है कि राष्ट्र के प्रति प्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हमारे कर्मों में दिखाई देना चाहिए। गरीब कल्याण के क्षेत्र में भी सेवा का सबसे संवेदनशील रूप दिखाई देता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से राहत देते हुए स्वच्छ ईंधन की सुविधा से जोड़ा। एक रसोई में जलती गैस की लौ को केवल एक सरकारी योजना का परिणाम मानना पर्याप्त नहीं होगा। उसके पीछे एक महिला का बदला हुआ जीवन, उसके समय की बचत और सम्मान के साथ भोजन बनाने का अवसर भी जुड़ा है। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों की थाली तक खाद्यान्न पहुंचे। इस भावना को बहुत करीब से महसूस करने की बात है कि शासन की किसी भी योजना की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यह है कि उसका लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक कितनी सहजता से पहुंचा। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली केवल राशन वितरण की व्यवस्था नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में खाद्य सुरक्षा का आधार है। उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से चावल और आवश्यक खाद्यान्न जब किसी जरूरतमंद परिवार के घर तक पहुंचता है, तब शासन की संवेदनशीलता धरातल पर दिखाई देती है। सरकार की कोशिश भी यही है कि पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे और व्यवस्था में पारदर्शिता तथा जवाबदेही बनी रहे। बस्तर का संदर्भ इस सेवा भावना को और गहरा करता है। दूरस्थ एवं जनजातीय अंचलों में भौगोलिक परिस्थितियां अनेक बार सुविधाओं की राह कठिन बनाती हैं। ऐसे क्षेत्रों में नियद नेल्लानार जैसी पहल के माध्यम से शासन की सुविधाओं को उन गांवों और परिवारों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो लंबे समय तक मुख्यधारा की सुविधाओं से दूर रहे। जब ऐसे किसी गांव के परिवार को उसके नजदीक राशन की सुविधा मिलती है, तो वह केवल खाद्यान्न का वितरण नहीं होता - वह शासन और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु बनता है। प्रदेश में पीडीएस प्रणाली की सबसे मानवीय पक्ष यही है कि प्रदेश में कोई पात्र परिवार भूखा न रहे। राशन की दुकान पर पहुंचने वाला प्रत्येक परिवार केवल एक राशनकार्ड संख्या नहीं है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत को क्या लाभ

प्रह्लाद सबनानी

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ब्रिक्स की स्थापना अमेरिका में हुई है। वर्ष 2006 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर ब्रिक विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में ब्रिक को औपचारिक रूप दिया गया था। ब्रिक का पहिला उद्घाटन शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था। दिनांक 12 एवं 13 सितम्बर 2026 को ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन दिल्ली के भारत मंडपम में सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। ब्रिक्स का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सहयोग बढ़ाना है। इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के साथ ही 10 अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री एवं उच्च स्तर के अधिकारी शामिल हुए। वर्ष 2025-26 के लिए भारत को ब्रिक्स का अध्यक्ष बनाया गया था, अत: भारत ने इस वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी एवं अध्यक्षता की। ब्रिक्स के माध्यम से विश्व की 11 प्रमुख उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं एवं विकासशील देशों को एक मंच प्रदान किया जाता है। ब्रिक्स में शामिल देशों की कुल आबादी विश्व की कुल जनसंख्या का 49.5 प्रतिशत है और विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है तथा वैश्विक व्यापार में 26 प्रतिशत की भागीदारी है। इससे वैश्विक स्तर पर ब्रिक्स का महत्व स्वयं ही स्पष्ट हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय स्थिति, दूरसंचार, कृषि, श्रम, रोजगार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, व्यापार और विश्व व्यापार संगठन सहित वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करते है। इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण रखी गई थी। शिखर सम्मेलन में 45 पन्नों एवं 140 बिंदुओं के नई दिल्ली घोषणापत्र को समस्त सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था। इस सम्मेलन की यह सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि इस सम्मेलन में आपस में कुछ विरोधाभासी विचार रखने वाले देश (ईरान, साऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात) भी शामिल थे। ईरान के राष्ट्रपति एवं यूएई के राष्ट्रपति के बीच शिखर सम्मेलन के बीच आपस में वार्ता सम्पन्न हुई थी, जबकि दोनों देशों के बीच अमेरिका-ईरान युद्ध के संदर्भ में तनाव की स्थिति कायम है। सरकार आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ब्रिक्स की स्थापना अमेरिका में हुई है। वर्ष 2006 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर ब्रिक विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में ब्रिक को औपचारिक रूप दिया गया था। ब्रिक का पहिला उद्घाटन शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था। वर्ष 2010 में न्यूयॉर्क में ब्रिक विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण अफ्रीका को शामिल करने के साथ ब्रिक को ब्रिक्स में विस्तारित करने पर सहमति हुई थी। तदनुसार, दक्षिण अफ्रीका ने 2011 में सान्या में तीसरे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जनवरी 2024 से और इंडोनेशिया जनवरी 2025 में ब्रिकस के पूर्ण सदस्य बने। इसके बाद बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम 2025 में भागीदार देशों के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए। भारत के प्रधानमंत्री ने अपने उदबोधन में उक्त ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कई आवश्यक एवं महत्वपूर्ण विषयों की ओर समस्त सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले कई उत्पादों के निर्यात पर भारी भरकम टैरिफ लगाया था, इसी प्रकार चीन ने भी आवश्यक मिनरल के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध लगाए थे, इस प्रकार की स्थित पुन: न बनें इस हेतु यह सुझाव दिया गया है कि तकनीकी एवं आवश्यक मिनेरल्स को विभिन्न देशों द्वारा हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए इसका सीधा सीधा विपरीत प्रभाव विकासशील देशों के विकास पर पड़ता है। जब हम वैश्विक स्तर पर एक परिवार की बात करते हैं तो प्राकृतिक संसाधनों पर इस धरा पर निवासरत पूरी मानवजाति का समान अधिकार है। इसके उपयोग को कुछ देशों द्वारा रोका नहीं जाना चाहिए। भारतीय सनातन संस्कृति में तो प्रकृति को मां के समान माना जाता है, अत: प्रकृति का शोषण नहीं बल्कि आवश्यकता अनुसार दोहन होना चाहिए। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन भी आवश्यक है। विकास और पर्यावरण एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं केवल आवश्यता है कि दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाय। हाल ही के समय में महामारी, जलवायु आपदाओं एवं सप्लाई चैन में रुकावटों ने दिखाया है कि विभिन्न देश एक दूसरे पर किस प्रकार निर्भर है। एक देश में आया संकट दूसरे देश को भी प्रभावित करता हुआ दिखाई दे रहा है। ब्रिक्स के सदस्य देशों को आपस में सहयोग बढ़ाने तथा सप्लाई चैन को मजबूती प्रदान करने की ओर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच आपस में छोटे कारोबारों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए और उन्हें नए बाजार और पर्याप्त वित्त की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के प्रयास भी होने चाहिए ताकि रोजगार के नए अवसर निर्मित हों और अंतिम पंक्ति पर खड़े नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा सके। इसके लिए ब्रिक्स कनेक्ट के माध्यम से गरीब नागरिकों को काम के लिए आवश्यक कौशल सीखने, रोजगार के अवसर बढ़ाने एवं मातृशक्ति को अधिक काम के मौके देने का प्रयास किया जाना चाहिए। छोटे कारोबारियों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से क्क्ष्ठ्ट्र रूस्ल्थ पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। इससे छोटे कारोबारी नए बाजारों से जुड़ सकेंगें।

# तो अब शुभेंदु करेंगे गरबा मर्यादा की भी रक्षा

तरुण विजय

अब सब हैं कि सेक्युलर तालिबानी आवाजों के विरुद्ध हिंदुओं को चाहिए कि अपना अंगद समान पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए। जिस प्रकार शुद्ध हिंदू उत्सव गरबा में गैर हिंदुओं को शामिल करने की विकृत सेकुलर आवाजें उठने लगीं हैं उनको देखते हुए लगता है कि मुख्यत: गुजरात और महाराष्ट्र में होने वाले गरबा उत्सवों की मर्यादा रक्षा के लिए तेजस्वी हिंदू ध्वज वाहक एवं पश्चिम बंगाल के महानायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सहायता मांगने का समय आ गया है अब सब हैं कि सेक्युलर तालिबानी आवाजों के विरुद्ध हिंदुओं को चाहिए कि अपना अंगद समान पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए। गरबा शक्ति की उपासना से जुड़ा पारंपरिक हिंदू पूजा-स्वरूप है। यह धनकुबेरों और हिंदू-भावना विहीन भीड़ के लिए मस्ती-मस्ती का कार्निवल नहीं है। नृत्य गरबा कोई सेक्युलर मनोरंजन मेला नहीं है। यह माँ अम्बा की भक्ति का हिंदू प्रतीक है। जो माँ दुर्गा की पूजा नहीं करते, जो उनके सामने शीश नहीं झुकाते, उनको गरबा में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं। इसका मूल रूप और अर्थ हिंदू ब्रह्मांड-दृष्टि, प्रतीकों और दिव्य स्त्री-शक्ति की साधना से आता है। ऋगरबाऋ शब्द संस्कृत शब्द ऋगर्भऋ से निकला है। पारंपरिक रूप में नर्तक एक घेरे में गर्भ दीप—छेदों वाले मिट्टी के घड़े में जलते दीये —या देवी की मूर्ति के चारों ओर नृत्य अभ्यर्थना करते हैं। दीपक जीवन-शक्ति, शरीर के भीतर दिव्य उपस्थिति और देवी की सृजन-शक्ति का प्रतीक है। वृत्ताकार गति हिंदू चिंतन में काल के चक्र—सृष्टि, स्थिति और प्रलय—को दर्शाती है। गरबा शरद नवरात्रि में होता है, अर्थात् दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित नौ रातों में। यह पर्व महिषासुर पर दुर्गा की विजय का स्मरण है, जैसा देवी माहात्म्य (मार्कंडेय पुराण) में वर्णित है। भक्त माँ की स्तुति के गीत (गर्बी) गाते हैं, ताली देते हैं और नृत्य को पूजा तथा कृतज्ञता का माध्यम बनाते हैं। पारंपरिक माहौल में स्थान पवित्र माना जाता है: प्राय: नंगे पाँव नाचते हैं, आरती होती है, और केंद्र में



दीपक या मूर्ति ही मुख्य रहती है। हिंदूधर्म लोक-नृत्य के रूप में यह शादियों और अन्य अवसरों पर भी होता रहा है, पर इसका सबसे विस्तृत और मुख्य संदर्भ दुर्गा-पूजा का नवरात्रि चक्र ही है। क्योंकि यह रूप देवी और उनके प्रतीकों के इर्द-गिर्द बुना गया है, पारंपरिक हिंदू साधक और संगठन इसे श्रद्धा का कर्म मानते हैं, सेक्युलर-गैरहिंदू मनोरंजन नहीं। जो दुर्गा को दिव्य माता नहीं मानते, मूर्ति-पूजा और धर्मिक विश्वास को अस्वीकार करते हैं, वे इस अनुष्ठान के उद्देश्य से बाहर हैं। गरबा को सिर्फ फन मेला कहना उसे उसके धर्मिक अर्थ से काट देता है और पूजा-भक्ति को तमाशा बना देता है। अन्य धर्मों के अनुष्ठानों से तुलना स्वाभाविक है। ईद की नमाज़ इस्लामी मज़हब के अनुसार निर्धारित है। गैर-मुसलमानों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे औपचारिक नमाज़ में मजहबी कर्तव्य के रूप में शामिल हों; वह स्थान और स्वरूप उन लोगों का है जो उस आस्था को स्वीकार करते हैं। अनेक परंपराओं में मूल उपासना-कर्म की सीमाएँ ऐसी ही हैं। नवरात्रि में गर्भ दीप या दुर्गा की मूर्ति के चारों ओर होने वाला गरबा उसी श्रेणी का आस्था-विशिष्ट कर्म है, राज्य द्वारा थोपा गया खुला सांस्कृतिक मेला नहीं। आज कई स्थानों पर गरबा अत्यधिक व्यावसायिक हो चुका है और हिंदू-भावना विहीन इवेंट मैनेजरों के हाथों विकृत हो रहा है। समय आ गया है कि अंगद समान हिंदू आस्था और मर्यादा का पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए। यूनेस्को ने 2023 में गरबा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया। उसमें इसके हिंदू सामाजिक स्वरूप और शक्ति/स्त्री-ऊर्जा के वृत्त को बनाए रखते हुए लोगों को जोड़ने की क्षमता का उल्लेख है। विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों का कहना सही है कि यह देवी-पूजा का रूप है, इसलिए प्रवेश उन्हीं का हो जो इस आस्था को साझा करते हैं। गरबा स्थलों पर प्रवेश नियंत्रण और पहचान जाँच की माँग इसीलिए है। मिश्रित आयोजनों में तनाव, हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने, अपमान और उत्पीड़न की घटनाएँ सामने आई हैं। गैर-हिंदुओं द्वारा हिंदू देवताओं का मज़ाक उड़ाने और गरबा के बहाने हिंदू लड़कियों को छेड़ने की खबरें भी आती रही हैं। हिंदुओं को समावेशिता का पाठ पढ़ाने की ज़रूरत नहीं। भारत का संविधान हिंदू-बहुल समाज में बना। यह कानून के समक्ष समानता, धर्म की स्वतंत्रता और प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक कार्यों के प्रबंधन का अधिकार देता है। भारतीय संविधान हिंदू समावेशिता की अभिव्यक्ति है।

# मर्यादा जहां है, वहीं ब्रह्म है; तीर्थ का कष्ट सहें, शिकायत नहीं : मुनि समतासागर जी

**कुण्डलपुर (म.प्र.) (विश्व परिवार)।** दशलक्षण महापर्व के संस्कार शिविर के समापन अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि धर्म का वास्तविक अर्थ पूजा-अनुष्ठान तक सीमित रहना नहीं, बल्कि जीवन में मर्यादा, संयम और आत्मनियंत्रण को उतारना है। मर्यादा जहां है,वहीं ब्रह्म है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रा में आने वाली असुविधाओं को शिकायत का विषय बनाने के बजाय साधना का हिस्सा मानकर सहन करना चाहिए। तीर्थयात्रा का भाव सुविधा नहीं, धर्मलाभ और आत्मशुद्धि होना चाहिए।मुनि श्री ने कहा कि ब्रह्मचारी आश्रम से गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद व्यक्ति की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उसे स्वयं के साथ परिवार को भी संस्कारों में संभालना होता है। खान-पान, पहनावे, बोलचाल और रहन-सहन में बढ़ती स्वच्छंदता पर उन्होंने कहा कि नियंत्रण समाप्त होने पर व्यक्ति धीरे-धीरे अमर्यादा की ओर बढ़ता है। इसलिए दशलक्षण धर्म के सिद्धांतों को केवल सुनना नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारना आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि संसार का राग-रंग और सुख-सुविधाएं स्थायी नहीं हैं। पुण्य के उदय में वैभव मिल सकता है, लेकिन कर्मों का उदय बदलते ही परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। इसलिए विपरीत समय आने से पहले धर्म, दान, पूजा, नियम और संयम के संस्कार मजबूत कर लेने चाहिए। गृहस्थ को भगवान के दर्शन, पूजा-पाठ, दान और आत्मसंयम को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।मुनि श्री ने आहार की शुद्धता को विचारों की शुद्धता से जोड़ते हुए मांसाहार से बचने और ऐसे स्थानों से भी परहेज करने की प्रेरणा दी, जहां शाकाहार और मांसाहार दोनों बनाए जाते हों। फास्ट फूड सहित भोजन के प्रत्येक चयन में धार्मिक मर्यादा का ध्यान रखने की बात कही। सामाजिक समारोहों में भी सिद्धांतों से समझौता न करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुकूल भोजन न हो तो विनम्रता से उससे अलग रहना चाहिए।तीर्थयात्रा की कठिनाइयों का प्रसंग सुनाते हुए मुनि श्री ने साहित्यकार एकेश्वाल जी का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि एक यात्रा में कुछ पढ़े-लिखे लोग पहाड़ी पर चढ़ते समय रास्ते और व्यवस्थाओं की कठिनाइयों की चर्चा कर रहे थे, जबकि पीछे एक वृद्ध महिला लाठी के सहारे चुपचाप चल रही थी। ऊपर पहुंचने पर उससे पूछा गया तो उसने सहजता से कहा—तीर्थ यात्रा का कष्ट सहा जाता है, मुख से कहा नहीं जाता। मुनि श्री ने कहा कि व्यवस्थाएं कितनी भी अच्छी हों, कुछ असुविधाएं रह सकती हैं। वास्तविक समस्या हो तो संबंधित व्यक्ति को शांत भाव से बताएं, लेकिन शिकायत को तीर्थयात्रा का विषय न बनाएं। उन्होंने शिविरार्थियों से कहा कि वे शिविरार्थी बनकर आए हैं, शरणार्थी बनकर नहीं। क्षेत्र कमेटी और कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे बेहतर व्यवस्था दें, वहीं शिविरार्थियों को भी सुविधाओं की अपेक्षा के बजाय समायोजन और संतोष की शक्ति विकसित करनी चाहिए।मुनि श्री ने कहा कि संस्कार शिविर की वास्तविक उपलब्धि यहां से मिलने वाली नियम-संयम की पूंजी है। किसी ने वर्षभर, किसी ने दो वर्ष और किसी ने आजीवन के संकल्प लिए हैं। उन्होंने अगले वर्ष अनंत चतुर्दशी के दिन यात्रा न कर पूरा दिन-रात शिविर में रहकर उपवास और साधना करने तथा अगले दिन स्वल्पाहार, अभिषेक-पूजन और क्षमावाणी के बाद प्रस्थान करने की प्रेरणा दी। दमोह गौरव क्षुल्लक श्री स्वस्तिक सागर जी महाराज एवं ऐलक श्री निश्चयसागर जी महाराज ने भी संबोधित किया।

# उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म-ब्रह्मचर्य का मतलब अपनी आत्मा में रहना है: प्रीतेश भैया जी

**भाटापारा (विश्व परिवार)।** श्री सकल दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री 1008 वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक, दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिवस भगवान जी का निर्वाण कल्याणक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म व अंनत चतुर्दशी धूम धाम से मनाई गई। सुबह श्री जी का मंगल अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया गया। श्री 1008 वासुपूज्य भगवान जी की प्रतिमा को मस्तक में लेकर सौ धर्म इंद्र बनकर पाण्डुकशिला पर विराजमान करने का सौभाग्य संतोष,अभय सिंघई, ईशान इंद्र बनकर श्री यंत्र को स्थापित करने का सौभाग्य वीणा ,गौरव गदिया, महेन्द्र एवं सानत इंद्र बनने का सौभाग्य सुभाष ,कैलाश चौरंगा परिवार को प्राप्त हुआ। सभी श्रावकों ने अभिषेक क्रिया सम्पन्न की एवं सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं ने भक्ति पूर्वक अभिषेक का लाभ लिया।मूलनायक श्री 1008 महावीर भगवान का प्रथम मस्तकाभिषेक करने का एवं



द्वितीय शांति धारा करने का सौभाग्य अध्यक्ष परिवार अशोक,पीयूष रेखा बैग परिवार एवं प्रथम शांति धारा का सौभाग्य पंकज,संदीप परिवार एवं द्वितीय मस्तकाभिषेक का सौभाग्य महिला मंडल ने प्राप्त किया।नेमीनाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक करने का सौभाग्य शशि,सुभाष ,कैलाश परिवार एवं पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक एवं चंवर चढ़ाने का सौभाग्य वीणा, सौरव, वैभव गदिया परिवार, आरती का सौभाग्य सुधीर,छाया छत्र का सौभाग्य नितिन,अंजना गदिया परिवार ने प्राप्त किया।

तत्पश्चात दमोह से पधारे राहुल जैन एंड ग्रुप संगीतकार समिति ने तीर्थंकर जन्मे माई तोरे अंगना में, महावीरा जन्मे आज माई तोरे अंगना में गाकर सभी भक्तों से धूमधाम से आरती व भक्ति करवाई। आरती पश्चात देवशास्त्रगुरु पूजा, सोलहकारण पूजा, दशलक्षण पूजा, रत्नत्रय पूजा, वासुपूज्यनाथ पूजा, आचार्य श्री जी की पूजा सम्पन्न हुई।

सागर से पधारे आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य प्रीतेश भैया जी ने प्रवचन में बताया कि इस दिन को अनंत चतुर्दशी भी कहते हैं! इस दिन को लोग श्री जी के समक्ष अखंड दिया लगाते हैं।

# भारी बारिश भी नहीं रोक सकी नशामुक्त भारत की पदयात्रा

- **विधायक पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में 28वें वर्ष में भी नशामुक अभियान का शुभारंभ, भाजपा कार्यकर्ताओं, समाज प्रमुखों, साधु-संतों और छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रायपुर में भारी बारिश के बीच नशामुक्त भारत पदयात्रा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। तेलीबांधा स्थित श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न समाजों के प्रमुखजनों, साधु-संतों तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




पदयात्रा तेलीबांधा से प्रारंभ होकर मुख्यमंत्री निवास के सामने स्थित भगत सिंह चौक तक पहुंची। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने नशामुक्त समाज के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि नशामुक्त भारत और नशामुक्त छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को लेकर वे पिछले 27 वर्षों से लगातार पदयात्रा सप्ताह का आयोजन करते आ रहे हैं और यह अभियान अब 28वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें किया नमन

- **अंत्योदय के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री श्री साय**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रचिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विचारों और सिद्धांतों के माध्यम से राष्ट्र के समग्र विकास की ऐसी दृष्टि प्रस्तुत की, जिसके केंद्र में समाज का अंतिम व्यक्ति है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान



के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि विकास की सार्थकता तभी है, जब उसका लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। उनका 'अंत्योदय' का सिद्धांत गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाना उनके विचारों के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को अभिव्यक्त करता है। एकात्म मानववाद और अंत्योदय का उनका दर्शन आज भी राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण की दिशा में प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार, आदर्श और राष्ट्रसेवा का भाव सदैव देश और समाज को प्रेरित करता रहेगा।

# अनंत चतुर्दशी पर सेठ चम्पालाल रामस्वरूप की नसिया में हुआ श्रीजी का अभिषेक

- **स्वर्ण एवं रजत कलशों से रानीवाला परिवार ने किया अभिषेक, जिनालय में गूंजे जयकारे**



**ब्यावर (विश्व परिवार)।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर सेठ चम्पालाल रामस्वरूप की नसिया में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीजी का स्वर्ण एवं रजत कलशों से विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया।

नसिया के ट्रस्टी अनिल जी रानीवाला एवं रानीवाला परिवार को श्रीजी का स्वर्ण एवं रजत कलशों द्वारा अभिषेक करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। परिवारजनों ने श्रद्धाभाव से भगवान का अभिषेक एवं पूजन किया। अभिषेक के दौरान जिनालय का वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भगवान के जयकारों से परिसर गुंजायमान रहा।

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नसिया में पहुंचे और भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष सुख-शांति, समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की।

इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान की आरती भी की गई। उपस्थित समाजजनों ने भक्तिभाव से आरती में सहभागिता करते हुए पुण्यार्जन किया। पूरे आयोजन के दौरान सेठ चम्पालाल रामस्वरूप की नसिया का वातावरण श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

# व्रतों का सार-ब्रह्मचर्य : पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी महाराज

- **दिल्ली में पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी महाराज ने धर्मसभा में संबोधित करते हुए कहा की - व्रतों का सार : ब्रह्मचर्य**

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** ब्रह्मचर्य सर्व-व्रतों में सार है। वीर पुरुष भी ब्रह्मचर्य-व्रत धारण करते हैं। स्वर्ग के देव, सम्राट, चक्रवर्ती भी ब्रह्मचारी की वंदना करते हैं। शील (ब्रह्मचर्य) धर्म व्रतों में श्रेष्ठ व्रत है। साधनों का शील धर्म ही श्रृंगार होता है। निज में निज की लीनता ही ब्रह्मचर्य-धर्म है।




## ब्रह्मचर्य महा-उत्तम स्वरूप

स्व एवं पर की देह से विरक्त होना, काम-वासना का पूर्ण त्याग करना, भोगों से विरक्त होना ब्रह्मचर्य धर्म है। जो एक दिन ब्रह्मचर्य-धर्म का पालन करता है, उसे नौ करोड़ जीवों की रक्षा का पुण्य लगता है।

## क्षीणाश का मूल : अब्रह्म

जो काम-सेवन करता है, वह शीघ्र ही कमजोर हो जाता है। बुद्धि क्षीण होने लगती है। रोग प्रारंभ हो जाते हैं। गाल पिचक जाते हैं, बाल सफेद होने लगते हैं। अब्रह्म-सेवी के सर्व-गुण समाप्त हो जाते हैं।

## सिद्धियों का दाता : ब्रह्मचर्य

जो ब्रह्मचर्य-धारण करता है, उसे स्वयमेव ही सिद्धियाँ सिद्ध हो जाती हैं। ब्रह्मचर्य ही सिद्धियों का द्वार है। जो अखण्ड ब्रह्मचर्य-व्रत धारण करता है, वह मरण कर लोकान्तिक देव बनता है। ब्रह्मचारी विश्व-वंदनीय होता है। ब्रह्मचर्य महान व्रत है। जो ब्रह्मचर्य-व्रत का पालन करता है, उसकी देह चमकती है, मुख सूर्य के समान ओजवान होता है। शीलवान की प्रभा वर्धमान होती है। शीलवान का पुण्य वर्धमान होता है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किरण देव ने पुष्पांजलि अर्पित की

- **पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद और अन्त्योदय का मंत्र आज भी हमारा पथ-प्रदर्शक : किरण देव**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निष्ठा और विचारधारा के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के उनके मंत्र ने हमें सिखाया कि



विकास का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और इसी सिद्धांत पर भाजपा की डबल इंजन सरकार छत्तीसगढ़ और देश में जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम माना।

# मेरा-तेरा' के भाव से मुक्त होना ही सच्चा आकिंचन्य : सुरेश भाई मोदी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कचना स्थित अमलतास कैसल परिसर के 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के नवम दिवस पर उत्तम आकिंचन्य धर्म की आराधना श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर भाई सुरेश मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ भी मेरा नहीं, यही सच्चा आकिंचन्य है। उन्होंने कहा कि आकिंचन्य धर्म हमें बाहरी वस्तुओं के मोह और परिग्रह से मुक्त होकर अपने आत्मस्वरूप की ओर लौटने का संदेश देता है। धन, संपत्ति, मान-सम्मान और सांसारिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति ही मनुष्य को बंधन में रखती है। जब जीवन से 'मेरा-तेरा' का भाव कम होता है, तब आत्मा में शांति और सच्चे सुख का अनुभव होने लगता है।





उन्होंने कहा कि दशलक्षण महापर्व आत्मशुद्धि और आत्मचिंतन का अवसर है। हमें इस दौरान अपने भीतर के मोह, ममता और परिग्रह को कम करने का संकल्प लेना चाहिए तथा सरलता, संतोष, संयम और त्याग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यही उत्तम आकिंचन्य धर्म की वास्तविक भावना है।

महापर्व के नवम दिवस पर प्रात: 7:30 बजे श्रीजी का पाण्डुक शिला पर अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। इसके पश्चात नित्य पूजन एवं दशलक्षण विधान विधिवत किया गया। सायं 7 बजे भक्तिभाव से संगीतमय आरती हुई। इसके बाद वीरा महिला मंडल के मार्गदर्शन में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।विदित हो कि दस लक्षण पर्व पर मुनि सुब्रत नाथ परिवार, अमलतास की सबसे वृद्ध सदस्य 93 वर्षीय धर्म निष्ठ सुश्राविका श्रीमती गरिमा पालीवाल (धर्म सहायिका- स्व. श्री. जगदीश चंद जी पालीवाल) 24 घंटे में केवल एक समय दलिया एवं केवल दो बार जल ग्रहण कर व्रत ( उपवास) कर स्वयं का कल्याण एवं जिन शासन की शोभा बढ़ा रहीं हैं।

# ब्रह्मचर्य में ही पूरे ब्रह्माण्ड की शक्ति समाहित : विशद सागर जी

- **अनंतचतुर्दशी पर अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि श्री के ससंघ सानिध्य में हुआ महामस्तिकाभिषेक**

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल में पर्यूषण पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने जीवन में संस्कारों को श्रेयस्कर बताया और कहा ब्रहमचर्य के माध्यम से व्रतों को पालन कर अपने शरीर को मजबूत बनाकर जीवन व्यतीत करे। ब्रहमचर्य में पूरे ब्रहमाण्ड की शक्ति बत्ताते हुए उन्होने आवकों से कहा इस दिन आवक व्रत उपवास रखते हैं उनका मन पवित्र रहता है इसलिए अधिक से अधिक परमार्थ के



कार्य और दान आदि देना चाहिए।

नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ में पर्यूषण पर्व समापन पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा समाज की एकता और दिल की एकता को बलशाली बत्ताते हुए कहा समाज की एकता में ही संस्कृति सुरक्षित रहेगी। जैन समाज क्षमाशील है पर्यूषण पर्व पर हमें जीवन में संदेश देते हैं संत सदैव समाज को एकजुटता मिलकर जुलकर रहने की सीख देते हैं। उन्होने अभिनंदनोदय तीर्थ और नवनिर्मित गुफा को विश्व की अनुपम धरोहर बताते हुए तीर्थ प्रणेता मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के उपकार को अविस्मरणीय बताया और कहा ललितपुरवासियों ने जो धर्म संस्कृति के लिए योगदान किया वह युगों युगो तक स्थाई रहेगा।

धर्म सभा का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों ने किया। पूजन अभिषेक के उपरान्त श्रावको ने भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू पूजन अर्चन के साथ समर्पित किया और व्रत उपवास रखा। धर्मसभा का मंगलाचरण ब्रहमचारिणी शिल्पी दीदी एवं शुत्रा जैन मोहनी ने किया जबकि मुनि श्री के सानिध्य में तत्वार्थ सूत्र का वाचन ग्रह मचारिणी नीलूसविता, सुरभि दीदी, श्रीमति राशि जैन, नरेन्द्र मैया एवं अर्घ समर्पिण पारस प्रियंका जैन मनया ने किया।

इसके पूर्व में श्रीमति संदीप सराफ सम्यक सराफ अलंकार ज्वैलर्स ने धर्म सभा का ध्वजारोहण किया जवकि श्री जी के अभिषेक में सौधर्म इन्द्र अंकित जैन जाखलौन, ईशान इन्द्र सुरेशचंद जैन विकास जैन भारत गैस, सानत इन्द्र संजीव जैन सीए, महेन्द्र जीवनधर लाल जैन एडवोकेट, चिन्तामणि रोहित जैन रायपुरवाले रहे। प्रभु के उपर छत्र का पुण्यार्जन सनत जैन खजुरिया एवं चवर का पुण्यार्जन सीए सौरन जैन सचिन जैन माताटीला परिवार ने किया एवं महाआरती अनिल जैन अंचल परिवार द्वारा की गई। जैन पंचायत के अध्यक्ष डा. अक्षय टडैया ने जैन पंचायत द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहे योगदान को बताते हुए स्वजनों से धर्मप्रभावना में अग्रसर रहने और अप्रभावना से बचने का आव्हान किया।

# सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने परिवारजनों सहित घर के गणपति मूर्ति का विसर्जन कुण्ड में किया विसर्जन

- **सभी भक्तजन गणपति मूर्तियों का महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में श्रद्धापूर्वक विसर्जन समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करें-सभापति**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व के अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने अपने घर के भगवान गणपति की मूर्ति का नगर निगम रायपुर की प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में जाकर श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया.

सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने सभी नगरवासियों को अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें



दीं और गणपति की पूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन नगर निगम रायपुर की प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में करने की सभी गणपति भक्तों से समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से विनम्र अपील की।

# जल कार्य सभापति बदलने पर गरमाई गरियाबंद पालिका की सियासत

### पूर्व सभापति का आरोप– बिना समिति की मंजूरी कराए जा रहे थे काम, गुणवत्ता पर सवाल उठाना और आरटीआई से जानकारी मांगना पड़ा भारी

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर पालिका परिषद गरियाबंद में प्रेसिडेंट-इन-कौंसिल के जल कार्य सभापति पद पर वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद पुष्पा साहू के मनोनयन के बाद पालिका की सियासत गरमा गई है। नगरपालिका अध्यक्ष की अनुशंसा पर 22 सितंबर 2026 को जारी आदेश के तहत पुष्पा साहू को जल कार्य सभापति बनाया गया है। वहीं, इस फेरबदल को लेकर पूर्व जल कार्य सभापति एवं वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सभापति पद से हटाए जाने को पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताने और सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने से जोड़कर देखा है।

पूर्व सभापति का आरोप है कि पिछले कई महीनों से जल समिति की बैठक नहीं हो रही थी। इसके बावजूद जल कार्यों से जुड़े कई काम समिति के सभापति की मंजूरी के बिना कराए जा रहे थे। उन्होंने इन कार्यों पर आपत्ति जताते हुए समिति की भूमिका और पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे।

उनका कहना है कि जल समिति से जुड़े कार्यों की जानकारी और निर्णय प्रक्रिया को लेकर उन्होंने कई बार सवाल उठाए, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

पूर्व सभापति ने आरोप लगाया कि उन्होंने नगरपालिका में सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न कार्यों से




संबंधित जानकारी मांगी थी। इसके साथ ही अपने वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए जांच की मांग की थी। उन्होंने कथित रूप से गुणवत्ता-विहीन निर्माण कार्यों का विरोध भी किया।

पूर्व सभापति का दावा है कि पालिका में चल रही कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाना और कार्यों से संबंधित जानकारी मांगना उनके लिए भारी पड़ा। उनका आरोप है कि पालिका की कार्यप्रणाली और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद उन्हें जल कार्य सभापति के पद से हटा दिया गया।

हालांकि, इन आरोपों पर नगरपालिका प्रशासन और अध्यक्ष का आधिकारिक पक्ष अभी सामने नहीं आया है।

सभापति पद में हुए इस फेरबदल को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि नगर पालिका में भाजपा का स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद जल कार्य सभापति को बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ी। खास बात यह है कि हटाए गए पूर्व सभापति को भी भाजपा समर्थक बताया जा रहा है, जबकि अब मनोनीत की गई पुष्पा साहू भी भाजपा से जुड़ी पार्षद हैं।

ऐसे में पालिका के भीतर यह चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिसके चलते अपने ही दल के पार्षद को सभापति पद से हटाकर दूसरे पार्षद को जिम्मेदारी दी गई। क्या यह महज प्रशासनिक फेरबदल है या इसके पीछे पालिका के भीतर चल रही खींचतान की भी कोई भूमिका है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

जल कार्य सभापति का पद नगर की पेयजल व्यवस्था और जल संबंधी कार्यों से सीधे जुड़ा है। ऐसे में यदि पूर्व सभापति के दावे के अनुसार समिति की बैठकें लंबे समय से नहीं हुई और समिति की मंजूरी के बिना जल संबंधी कार्य कराए गए, तो इससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

अब नई सभापति पुष्पा साहू के सामने जल समिति की नियमित बैठकें कराने, पेयजल व्यवस्था से जुड़े मामलों की निगरानी करने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की चुनौती होगी।

फिलहाल जल कार्य सभापति बदले जाने के साथ ही नगर पालिका की राजनीति में एक नया सवाल खड़ा हो गया है। क्या यह महज सामान्य प्रशासनिक फेरबदल है या फिर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाले जनप्रतिनिधि की भूमिका को लेकर पैदा हुए विवाद का परिणाम? इसका स्पष्ट जवाब नगरपालिका प्रशासन और अध्यक्ष के आधिकारिक पक्ष के सामने आने के बाद ही मिल सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मिवी ने मिवी वन 5G के साथ भारत के स्मार्टफ़ोन मार्केट में एंट्री की; फ्लिपकार्ट पर इसकी शुरुआती स्पेशल BBD कीमत है सिर्फ 11999

मिवी Mivi, भारत के अपने कंज्यूमरटेक्नोलॉजी ब्रांड ने आज Mivi One 5G लॉन्च करके स्मार्टफोन कैटेगरी मेंबेहतरीन अंदाज में प्रवेश किया है। भरोसेमंद परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और रोज़ाना इस्तेमाल में शानदार अनुभव चाहने वाले ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया मिवी वन Mivi One, Snapdragon 4 Gen 2 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म को 50MP डुअल-कैमरा सिस्टम, 6000mAh बैटरी और क्लीनएंड्रॉयड Android अनुभव के साथ जोड़ता है।

**प्रिटी पॉवरफुल÷** के तौर पर पेश किया गया मिवी वन Mivi One एक हीडिवाइस में आकर्षक डिज़ाइन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का मेल है। इसे उनयुवा और समझदारी से खर्च करने वाले ग्राहकों के लिए डिज़ाइन कियागया है जो स्ट्रीमिंग, फोटोग्राफी, सोशल मीडिया, गेमिंग, मल्टीटास्किंग औररोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए एक बेहतरीन स्मार्टफोन चाहते हैं। Mivi One 5G पूरे भारत में फ्लिपकार्ट Flipkart पर उपलब्ध होगा और इसकी पहली सेल 8 अक्टूबर 2026 को आधी रात से शुरू होगी।

### दीपिका सिंह और रोहित राज गोयल कलर्स के धमाल विद पति पत्नी और पंगा – जोड़ियों का रियलिटी चेक में शामिल हुए

कलर्स का 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा ङ्क जोड़ियों का रियलिटी चेक' एक बार फिर लौट आया है, इस बार नई सेलिब्रिटी जोड़ियों की लाइनअप, बड़े चैलेंज और रिलेशनशिप ड्रामा की नई डोज़ के साथ! पहले सीज़न में अपनी पहचान बनाने के बाद, शो वापस आया है ताकि टेलीविज़न की कुछ सबसे पसंदीदा जोड़ियों को अल्टीमेट रियलिटी चेक से गुज़ारा जा सके, जहाँ उनकी असलीज़िंदगी की केमिस्ट्री, नोकझोंक, आदतें और राज़ सामने आएंगे। इस रोमांचक नए पंगे में शामिल हो रहे हैं दीपिका सिंह और रोहित राज गोयल, जो पहली बार एक कपल के रूप में किसी टेलीविज़न रियलिटी शो में साथ नज़र आएंगे और दर्शकों को स्क्रीन से परे उनकी इक्वेशन का नज़दीकी नज़ारा देंगे। दीपिका और रोहित की लव स्टोरी की शुरुआत 2011 में एक टेलीविज़न शो के सेट पर हुई थी, जहाँ रोहित डायरेक्टर थे और दीपिका एक डेब्यू एक्ट्रेस। जो रिश्ता प्रोफेशनल तौर पर शुरू हुआ था, वह धीरेधीरे दोस्ती, आपसी सम्मान और आखिरकार प्यार में बदल गया, जिसने मई 2014 में उनकी शादी तक का सफर तय किया। सालों में यह कपल अपनेअपने करियर, शादी और पैरेंटहुड के साथ साथ बढ़ता गया और 2017 में अपने बेटे सोहम का स्वागत किया। अब, शादी के एक दशक से भी अधिक समय बाद, वे पहली बार रियलिटीशो स्पेस में एक साथ कदम रख रहे हैं। दीपिका की जोशीली और एक्सप्रेसिव पर्सनैलिटी जब रोहित के शांत और ज़मीन से जुड़े स्वभाव से मिलती है, तो उनकी इक्वेशन दर्शकों को ढेर सारी मज़ेदार नोकझोंक और अनफ़िल्टर्ड मोमेंट्स का वादा करती है। एकदूसरे को 15 साल से ज़्यादा समय से जानने के बाद, असली पंगा यह होगा कि क्या यह पहचान उनकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी या फिर उन्हें एकदूसरे की टांग खींचने के और भी बहाने देगी!

### FDA छत्तीसगढ़, नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ़ इंडिया (NASVI) और नेस्ले इंडिया ने राज्य में 'सर्व सेफ़फूड' (Serve Safe Food) प्रोजेक्ट का विस्तार किया

नेस्ले इंडिया ने राज्य में 'सर्व सेफ़फूड' प्रोजेक्ट को बढ़ाने के लिए FDA छत्तीसगढ़ और नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ़ इंडिया (NASVI) के साथ मिलकर काम किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत, NASVI राज्य के मनेंद्रगढ़, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा, कोरबा, धमतरी, महासमुंद, बस्तर, कांकेर और रायपुर में 2600 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को ट्रेनिंग देगा, जिससे ट्रेंड स्ट्रीट फूड वेंडर्स की कुल संख्या 6,300 से ज़्यादा हो जाएगी। ट्रेनिंग का आखिरी चरण इस हफ़्ते की शुरुआत में रायपुर की मेयर श्रीमती मीनल चौबे और FDA अधिकारियों की मौजूदगी में रायपुर में आयोजित किया गया था। 'सर्व सेफ़ फूड' प्रोजेक्ट से पहले ही 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 1,20,000 से ज़्यादा स्ट्रीट फूड वेंडर्स को फ़ायदा हुआ है। इसमें वेंडर्स को सेहत, साफ़सफ़ाई, सुरक्षित फूड हैंडलिंग, कचरा निपटान और एंटरप्रेन्योरशिप के बारे में जानकारी दी जाती है। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम वेंडर्स को उनके फूड हैंडलिंग के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए ज़रूरी जानकारी देता है। छत्तीसगढ़ के दूर-दराज़ के ज़िलों में इस प्रोग्राम का विस्तार राज्य और वहाँ के स्ट्रीट फूड वेंडर्स के प्रति नेस्ले इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है। नेस्ले इंडिया में कॉर्पोरेट अफेयर्स, सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा, ÷नेस्ले इंडिया में, हम सिर्फ़ अपने प्रोडक्ट्स से आगे बढ़कर पूरे देश में फूड सेफ़्टी स्टैंडर्ड्स को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। 'सर्व सेफ़फूड' प्रोजेक्ट के ज़रिए, हम स्ट्रीट फूड वेंडर्स को साफ़सफ़ाई और फूड सेफ़्टी की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देकर सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी स्किल्स और जागरूकता दोनों बढ़ती हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने कॉर्पोरेट्स और इंडिविजुअल्स में सीबीडीसी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए पांच डिजिटल रुपए इनोवेशन पेश किए

**मुंबई:** एचडीएफसी बैंक ने कई डिजिटल रुपए (सीबीडीसी) यूज़ केस दिखाए जो बताते हैं कि रोज़ाना के कंज्यूमर एक्सपीरियंस और कॉर्पोरेट एप्लीकेशन दोनों में भारत की सॉवरेन डिजिटल करेंसी कितनी ज़रूरी है। पिछले हफ़्ते एक इंडस्ट्री फोरम में पेश की गई ये पहलें प्रैक्टिकल यूटिलिटी, रेगुलेटरी कम्प्लायंस और ज़्यादा एक्सेसिबिलिटी पर ज़ोर देती हैं , जिससे डिजिटल रुपए की भारत की डिजिटल इकोनॉमी के एक आसान, रोज़ाना के हिस्से के तौर पर जगह और मज़बूत होती है।

**मुख्य विशेषताएं दिखाई गईं: 1. क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट रिडेम्पशन–** क्रेडिट-कार्ड रिवॉर्ड जल्द ही किसी भी ब्रांड-स्पेसिफिक रिवॉर्ड वाउचर की तरह डिजिटल रुपए के बदले रिडीम किए जा सकेंगे। ग्राहक डाइनिंग, फ्यूल, कपड़े या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कैटेगरी में आखिरी पैसे तक पूरे इस्तेमाल के साथ रिडीम कर सकते हैं, जिससे वे अपने रिवॉर्ड बेनिफिट्स का मज़ा लेने के तरीके में ज़्यादा फ्लेक्सिबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी ला सकते हैं।

## लोक सेवा गारंटी से किसान रतम राम का फौती नामांतरण

**जशपुरनगर।** सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से किसानों को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में मिल रहा है। इसी क्रम में कुनकुरी तहसील के ग्राम कंडोरा निवासी कृषक रतम राम का लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत फौती नामांतरण पूरा किया गया। वर्षों से दर्ज था पिता का नाम ग्राम कंडोरा निवासी रतम राम के पिता स्वर्गीय सुखरू के निधन के कई वर्षों बाद भी कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख बी-1 में उनके पिता का नाम दर्ज था। जीवित वारिस के रूप में अपना नाम दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। समय-सीमा में पूरी हुई प्रक्रिया समस्या के समाधान के लिए रतम राम ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत पटवारी जांच, मौका मुआयना और दावा-आपत्ति संबंधी कार्रवाई पूरी की गई।

## गणेश उत्सव में हवन–पूजन और भंडारे का आयोजन



### मंगलमूर्ति गणेश उत्सव समिति ने श्रद्धालुओं के लिए किया भंडारे का आयोजन

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** सांई नगर वार्ड नंबर 01 हाई स्कूल रोड स्थित मंगलमूर्ति गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक हवन-पूजन कराया गया। हवन-पूजन में समिति के सदस्यों, मोहल्लेवासियों एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गणेश भगवान की पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हवन-पूजन के पश्चात समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र द्वठ्ठ भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

आयोजन को सफल बनाने में पार्षद संदीप सरकार, हेमचंद देवांगन, विजय साहू, अमित बखारिया, रोशन पटेल, कुलेश्वर वैका, आरसी पटेल, सोमेश्वर सिन्हा, रवि चंद्राकर, राधेश्याम सोनवानी, राजू ठाकुर, विकास साहू, हर्ष पटेल, जय ठाकुर, मयंक सिन्हा, संदीप सिन्हा, दादू चंद्राकर सहित मोहल्ले की महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में मोहल्लेवासियों की उत्साहपूर्वक भागीदारी रही। आयोजन के माध्यम से आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश भी दिया गया।

## वी ने फ्री इंटरनेशनल रोमिंग के साथ यात्रा का अनुभव बदला

अपने ब्राण्ड के नए वादे ÷वी पे सब हैं वीआईपी÷ को ग्राहकों के लिए वास्तविकता बनाते हुए, वी ने आज एक शानदार ऑफ़र की घोषणा की है। इसके तहत मुख्य पोस्टपेड, प्रीपेड और एंटरप्राइज़ प्लान्स के साथ फ्रइंटरनेशनल रोमिंग की सुविधा मिलेगी। इस बेहतरीन ऑफ़र के साथ अब, ग्राहक और उनके परिवारजन दुनिया भर के 170 से ज़्यादा देशों में यात्रा के दौरान मुफ़्त में कनेक्टेड रह सकेंगे। कई दशकों से, विदेश यात्रा के दौरान कनेक्टेड बने रहने के लिए यात्रियों को कई सिम कार्ड इस्तेमाल करने पड़ते थे, यात्रा से पहले लोकल या ट्रैवल सिम खरीदने पड़ते थे, अक्सर वे अपने भारतीय मोबाइल नंबर का इस्तेमाल न कर पाते थे, यात्रा के दौरान उन्हें ज़रूरी ओटीपी नहीं मिल पाते थे, साथ ही असुरक्षित पब्लिक/ फ्री वाई-फ़ाई पर निर्भर रहना पड़ता था। इसके अलावा मुश्किल कागज़ी कार्रवाई और रोमिंग के लम्बे चौड़े बिल की चिंता भी रहती थी। वी ने अब इस अनुभव को पूरी तरह बदल डाला है और ग्राहकों के लिए इंटरनेशनल रोमिंग को बेहद आसान बना दिया है। वी ने अब अपने प्लान्स में फ्री इंटरनेशनल रोमिंग को शामिल किया है, जिससे सभी उपभोक्ता बिना कसिी रूकावट के चिंता मुक्त इंटरनेशनल कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। इसके पोस्टपेड, प्रीपेड और एंटरप्राइज़ ग्राहकों को तहत प्लान के आधार पर साल में 3 बार तक फ्री इंटरनेशनल रोमिंग का फ़ायदा मिलेगा। इन प्लान्स में अलग-अलग इंटरनेशनल डेटा कोटा और आउटगोइंग मिनट मिलते हैं, जिससे सालाना रु9000 तक की बचत हो सकती है। अपने ब्रांड के नए कैंपेन ÷वी पे सब हैं वीआईपी÷ के तहत, वी ने विदेश यात्रा करने वाले उपभोक्ताओं के लिए के लिए इंटरनेशनल रोमिंग को आसान बना दिया है। अकेले, परिवार के साथ या काम के सिलसिले में यात्रा करने वालों के लिए डिज़ाइन किया गया यह ऑफ़र, वी ऐप के ज़रिए आसानी से एक्टिवेट हो जाता है। इस तरह पोस्टपेड, प्रीपेड और कॉर्पोरेट प्लान्स के यूज़र विदेश में भी आसानी से कनेक्टेड बने रह सकते हैं। इस नई पेशकश का लॉन्च करते हुए, वी के चीफ मार्केटिंग ऑफ़िसर अवनीश खोसला ने कहा, ÷वी के लिए, 'वी पे सब हैं वीआईपी' सिर्फ़एक कैंपेन नहीं है। यह एक वादा है जिसके ज़रिए हम सबको एक साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को आसान बनाना इस दिशा में पहला कदम है। आम तौर पर, इंटरनेशनल रोमिंग के लिए यात्रियों को कोई पैक खरीदना पड़ता हैया नया लोकल सिम या ट्रैवल ई-सिम इस्तेमाल करना पड़ता है।

## लगातार बारिश से गरियाबंद बेहाल, आवाजाही पर असर

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** आसमान से बरस रही लगातार बारिश अब गरियाबंद के लिए चिंता का सबब बनती जा रही है। जिले और आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है और कई इलाकों में आवाजाही प्रभावित होने लगी है। आशंका से किसान चिंतित हैं। वहीं गणेश उत्सव के अंतिम चरण में बारिश ने समितियों की तैयारियों पर भी पानी फेरने की स्थिति पैदा कर दी है।

बारिश का असर अब किसानों से लेकर गणेश उत्सव समितियों और डीजे संचालकों तक दिखाई देने लगा है। गणेश विसर्जन को लेकर समितियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि बारिश का दौर इसी तरह जारी रहा तो विसर्जन कार्यक्रम सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से कैसे संपन्न होगा। झांकी और विसर्जन की तैयारियों में जुटी समितियां मौसम की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

गणेश विसर्जन और झांकी व्यवस्था के लिए बाहर से आने वाले अधिकृत डीजे संचालकों की स्थिति भी संशय में है। लगातार बारिश के कारण कार्यक्रम प्रभावित होने की स्थिति में उत्सव समितियों के साथ-साथ डीजे संचालकों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। आयोजन से जुड़े लोगों की तैयारियां अब मौसम के मिजाज पर निर्भर नजर आ रही हैं।

लगातार बारिश के बीच जिले के प्रमुख जलाशयों में पानी तेजी से बढ़ रहा है। अधीक्षण अभियंता के अनुसार, 25 सितंबर 2026 की स्थिति में सिकासार जलाशय की कुल भंडारण क्षमता 198.82 मिलियन घन मीटर के मुकाबले 179.28 मिलियन घन मीटर पानी संग्रहित है। जलाशय का वर्तमान जलस्तर 1330.00 फीट दर्ज किया गया है, जो 89.32 प्रतिशत जलभराव के बराबर है।



पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए सिकासार जलाशय के 12 गेट खोल दिए गए हैं। प्रत्येक गेट को 3 फीट तक खोला गया है। वर्तमान में सिकासार जलाशय से करीब 20,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि जलाशय में करीब 34,000 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है। क्षेत्र के अन्य प्रमुख जलाशयों में भी जलभराव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 25 सितंबर को सुबह 10 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल जलाशय में 99.01 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। यहां से 1,22,000 क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है।

वहीं मुरुमसिल्ली जलाशय 100 प्रतिशत भरा हुआ है। यहां से 7,558 क्यूसेक पानी गंगरेल की ओर छोड़ा जा रहा है। दुधावा जलाशय में 97.36 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है और यहां से 16,762 क्यूसेक पानी गंगरेल/महानदी की ओर छोड़ा जा रहा है।

इसी तरह सोंढूर जलाशय में 89.42 प्रतिशत जलभराव है। यहां से 42,570 क्यूसेक पानी पैरी/महानदी नदी तंत्र की ओर छोड़ा जा रहा है।

नदी-नालों के किनारे खेती करने वाले किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। लगातार बारिश और जलस्तर बढ़ने के कारण खेतों में पानी भरने की आशंका बनी हुई है। किसानों को फसल खराब होने के साथ-साथ खेतों में लंबे समय तक पानी जमा रहने का डर सता रहा है।

बढ़ते जलस्तर और नदियों में जारी तेज जलप्रवाह को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने आम नागरिकों को नदियों, नालों, पुल-पुलियों और जलाशयों के आसपास अनावश्यक रूप से नहीं जाने की सलाह दी है।

तेज बहाव वाले पानी में उतरने से बचने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं को नदी-नालों एवं जलाशयों से दूर रखने की अपील की गई है। निचले और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

जलभराव वाले क्षेत्रों में आवागमन के दौरान सुरक्षित और वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने तथा पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई है।

फिलहाल लगातार बारिश ने गरियाबंद में आम जनजीवन से लेकर खेती और गणेश विसर्जन की तैयारियों तक को प्रभावित किया है। जलाशयों से लगातार पानी छोड़े जाने के बीच नदी-नालों के जलस्तर पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। आने वाले घंटों में बारिश की स्थिति ही तय करेगी कि हालात सामान्य होते हैं या मुश्किलें और बढ़ती हैं।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 10/SE E/M/2026-27 (IV th Call) System Tender No 200065 Registered contractor class in 'D' & above For Form B (Item Rate) | Shifting & Height Raising Of LT/11KV/33KV Overhead Line Including Transformer & Dp For Road Widening Work Of Sukhari-Jhinka-Diwanbhedi Road From Km 1/2 To Km 5/2 (4.20 Km), District Rajnandgaon (C.G.) | Rs 23.89 Lacs |
| 47/SE E/M/2026-27 (IInd Call) System Tender No 200079 Registered contractor class in 'C' & above For Form A (Percentage Rate) | Providing & Installation of Street Road Lighting, High Mast Lighting & LED Strip RGB Lighting E/F work System in Rajnandgaon-Gundardehi-Dhamtari Nagri-Sihawa-Borai (SH-23)from Mujgahan-Ratnabandha Chowk (Four Lane) Road Work(Phase 1:- Ratnabandha Chowk to Loharsi Road Junction), Distt. - Dhamtari (C.G.) | Rs 144.00 Lacs |
| 48/SE E/M/2026-27 (IInd Call) System Tender No 200076 Registered contractor class in 'C' & above For Form A (Percentage Rate) | जिला धमतरी के राजनांदगांव- गुण्डरदेही-धमतरी-नगरी-सिहावा-बोराई मार्ग के सिहावा चौक से दानीटोला जंक्शन तक 4 लेन निर्माण कार्य के अंतर्गत स्ट्रीट लाईट, हाई-मास्ट लाईट, एल.ई.डी. स्ट्रीप आर.जी. बी. लाईट इत्यादि विद्युतीकरण कार्य। | Rs160.50 Lacs |
| 50/SE E/M/2026-27 (IInd Call) System Tender No 200069Registered contractor class in 'C' & above For Form A (Percentage Rate) | जिला धमतरी केराजनांदगांव-गुण्डरदेही-धमतरी - नगरी-सिहावा-बोराई मार्ग के लोहरसी जंक्शन से ग्राम-मुजगहन तक 4 लेन निर्माण कार्य के अंतर्गत स्ट्रीट लाईट, हाई-मास्ट लाईट, एल.ई.डी. स्ट्रीप आर.जी.बी. लाईट इत्यादि विद्युतीकरण कार्य। | Rs 157.76 Lacs |
| 37/SE E/M/2026-27 (II nd Call) System Tender No 199991 Registered contractor class in 'D' & above For Form B (Item Rate) | Providing Shifting & Installation work of Electric Poles from Jharaghati to Dhourai (Palli Chhotedongar Orchha Road 1.00 to 12.00 = 12.00 km) at District Narayanpur (C.G.) | Rs 18.01 Lacs |

Date of bid submission 09-10-2026 The tender documents, can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P. W. D. (E & M) Circle
Raipur (C. G.)

G- 262703504/1

# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मदकूद्वीप के प्राचीन मंदिरों में की पूजा-अर्चना

■ कन्या पूजन कर कन्या भोज में हुए शामिल, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड स्थित ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल हरिहर क्षेत्र केदार मदकूद्वीप पहुंचकर प्राचीन रामाश्रय एवं गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान से छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति तथा प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में आयोजित कन्या पूजन में श्रद्धापूर्वक कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात वे कन्या भोज में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में कन्याओं को शक्ति का स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन हमारी समृद्ध परंपरा में मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती प्राचीन धार्मिक परंपराओं, पुरातात्विक धरोहरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण है। मदकूद्वीप भी प्रदेश की ऐसी ही महत्वपूर्ण धरोहरों में शामिल है, जहां इतिहास, आस्था और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। ऐसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल हमारी गौरवशाली विरासत से नई पीढ़ी को परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पुरातत्व विभाग द्वारा स्थापित मंदिर संग्रहालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित पुरातात्विक धरोहरों एवं ऐतिहासिक अवशेषों के संबंध में जानकारी ली और मदकूद्वीप के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं आध्यात्मिक महत्व से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन विरासत और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरें केवल अतीत की स्मृतियां नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने वाली अमूल्य निधि हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, विधायक श्री अमर अग्रवाल, विधायक श्री सुशांत शुक्ला एवं विधायक श्री पुन्नू लाल मोहले, क्रेडा के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# एनटीपीसी नवा रायपुर ने स्वच्छता पर सत्र और निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा(17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक) के तहतएनटीपीसी नवा रायपुर ने 25 सितंबर 2026 को हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए स्वच्छता पर सत्र और निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और कॉलेज, रायपुर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें हाउसकीपिंग और कैटरिंग क्षेत्र में काम करने वाले 101 सहायक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर बात करते हुए, श्री प्रवीण गर्ग, जीएम-एचआर ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ कार्यस्थल को भी साफ-सुथरा रखने का अनुरोध किया।



डॉ. रंजीता साहू, पूर्व सीएमओ ने इस साल के थीम – स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत पर जोर देते हुए स्वच्छता पर अपने व्याख्यान में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व और इसे और बेहतर बनाने के टिप्स दिए।

श्री बालाजी ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स और कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. राम गोपाल घृतलहरे की अगुवाई वाली मेडिकल टीम ने प्रतिभागियों की जांच की। डॉ. अजय सिंह ठाकुर, आरएमओ, एनटीपीसी नवा रायपुर और उनकी टीम भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# डीके कॉलेज बलौदाबाजार की छात्रा सरस्वती साहू को राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार की एनएसएस स्वयंसेविका सरस्वती साहू को राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एनएसएस स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सरस्वती साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता, सामाजिक सेवा, नशामुक्ति एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी सक्रियता और सेवा भावना को देखते हुए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। एनएसएस स्थापना दिवस 24 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय सभागार में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उच्च शिक्षा मंत्री जी टंकराम वर्मा, छ: ग: राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी ने उन्हें पुरस्कृत किया। सरस्वती साहू की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धनंजय मिश्र, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय औधेलिया, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सरस्वती साहू की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

# DICE पहल के अंतर्गत कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर को मेंटरशिप प्रदान की जाएगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर को पीएम श्री विद्यालयों में नवाचार संस्कृति एवं उद्यमिता के विकास (Developing Innovation Culture and Entrepreneurship – DICE) कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर के लिए मेंटर उच्च शिक्षा संस्थान (Mentor Higher Education Institution – HEI) के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (Department of School Education & Literacy – DoSEL), इनोवेशन सेल तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (All India Council for Technical Education – AICTE) के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को सुदृढ़ करना है।



मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा विद्यालय को पाँच प्रमुख गतिविधियों के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाएगा। इनमें उद्यमशीलता कौशल का विकास; क्षेत्रीय भ्रमण एवं विचार सृजन; प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (PoC), प्रोटोटाइप अथवा व्यवसाय मॉडल का विकास; उद्यमिता, स्टार्टअप सहायता पारिस्थितिकी तंत्र एवं बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights – IPR) से संबंधित सत्र; तथा डेमो डे/प्रदर्शनी के आयोजन के साथ-साथ नवाचार प्रतियोगिता के लिए नवीन विचारों को स्कूल इनोवेशन काउंसिल में प्रस्तुत करना शामिल है। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें नवाचार एवं उद्यमिता के व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र से परिचित कराना है। DICE कार्यक्रम का क्रियान्वयन सितंबर 2026 से दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इस अवधि के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों को सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा।

DICE गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर के प्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।

# भावना बोहरा ने 1.95 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ इंदौरी नगर के विकास को मिली नई रफ्तार

**पंडरिया (विश्व परिवार)।** नगर पंचायत इंदौरी में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास को गति देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा कुल 1 करोड़ 95 लाख 94 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 1 करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपये के कार्यों का भूमिपूजन तथा 49 लाख 97 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इन विकास कर्यों से नगर पंचायत इन्दौरी में क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही नगर के सौन्दर्यीकरण को भी नई पहचान मिलेगी।

इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने भारत माता चौक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य तथा मां कर्मा माता चौक का लोकार्पण किया। वहीं वार्ड क्रमांक 14 में मुक्तिधाम विकास कार्य, निकाय क्षेत्र में दुकानों का निर्माण, मांगलिक भवन निर्माण तथा मुक्तिधाम उन्नयन कार्य का भूमिपूजन कर समस्त नगरवासियों को इस सौगात के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। विदित हो



कि नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा सरकार आने के बाद से क्षेत्र में अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। विगत वर्षों में नगर पंचायत क्षेत्र के लिए लगभग 10 करोड़ के विकास कार्यों के साथ-साथ अधोसंरचना मद अंतर्गत 2 करोड़ की प्राविधिक स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। इससे स्पष्ट है कि छोटे शहरों और नगर क्षेत्रों में सड़क, भवन, चौक, बाजार तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार काम किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा इंदौरी नगर के विकास और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय के पास कांग्रेस ने पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया

■ एसआईआर, वोटर लिस्ट में बदलाव और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल जी के दिशा-निर्देश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के मार्गदर्शन में और श्रीकुमार मेनन और राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में राजीव गांधी चौक से शास्त्री चौक स्थित मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया गया और ज्ञापन सौंपा गया।

राहुल गांधी ने लगातार बोल रहे थे कि 3 साल से ज्यादा हो गया भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे है।

शहर जिला और ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, SIR, वोटर लिस्ट में बदलाव और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में कम से कम 14 बार आयोग के फैसलों और प्रक्रियाओं पर लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। कांग्रेस का आरोप है कि यह मामला देश की चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# राठौर क्षत्रिय महासभा का शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**रायपुर।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और प्रतिभा सम्मान समारोह 3.0 का आयोजन 27 सितंबर 2026 को पंजाब केसरी भवन, जोरा रायपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। जानकारी देते हुए राठौर क्षत्रिय समाज रायपुर के अध्यक्ष श्री सुधीर राठौर और प्रचार प्रसार प्रबंधक श्री विक्रांत राठौर,श्री प्रवीण राठौर एवं अरपा राजदीप राठौर ने बताया कि अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा का चुनाव 13-14 जून 2026 को भोपाल में संपन्न हुआ था। जिसमें देशभर के सदस्यों ने मतदान किया। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामविलास राठौर, महामंत्री पद पर राजेंद्र सिंह भदौरिया और कोषाध्यक्ष पद पर सीमा संजय राठौर निर्वाचित हुए हैं। रायपुर में होने वाले समारोह में सभी निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शपथ लेंगे। इसके साथ ही प्रांतीय राठौर क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ द्वारा तीसरे वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

# सीजी में अनुपम पहल: एस बी एच कॉस्मेटिक क्लिनिक के साथ अब मेडी ब्यूटी सैलून भी

■ संपूर्ण सौंदर्य समाधान एक छत के नीचे - चर्म रोग क्लिनिक और ब्यूटी सैलून का संगम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिलाओं के स्वास्थ्य, सौंदर्य और वेलनेस को एक साथ जोड़ते हुए एस बी एच ने रविवार, 20 सितंबर को एस बी एच कॉस्मेटिक क्लिनिक एवं मेडी ब्यूटी सैलून का शुभारंभ किया। यह पहल स्क्न॥ वूमेन हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवा यात्रा का विस्तार है, जिसकी शुरुआत डॉ. स्वाति मोहबिया ने 30 वर्ष पूर्व की थी।

एस बी एच हॉस्पिटल पहले से एस बी एच आई और वूमेन हॉस्पिटल के माध्यम से विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहा है। अब कॉस्मेटिक क्लिनिक और मेडी ब्यूटी सैलून के माध्यम से चिकित्सकीय विशेषज्ञता और सौंदर्य देखभाल को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया है।

यहां त्वचा, बाल, नाखूनों की देखभाल




और हेयर ट्रांसप्लांट के साथ वजन प्रबंधन एवं स्लिमिंग की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। शरीर को आकार देने के लिए नवीनतम तकनीक से लेजर और क्रायोलिपोलिसिस आधारित गैर-सर्जिकल वसा कमी एवं बॉडी कंटूरिंग की सुविधा भी रहेगी। इन सेवाओं के लिए डॉ. ज्योति मिश्रा और डॉ. संगीता विशेषज्ञ परामर्श देंगी। महिलाओं के लिए इनर बॉडी रीशेपिंग और प्राइवेट-पार्ट रीशेपिंग से संबंधित गोपनीय विशेषज्ञ परामर्श भी उपलब्ध होगा। गर्भावस्था, प्रसव और उम्र के साथ होने वाले बदलावों का प्रभाव महिला के आत्मविश्वास और दाम्पत्य जीवन पर पड़ सकता है।

# जैन (गोधा) परिवारजनों को कलेक्टर रायपुर ने सम्मानित किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शासन द्वारा चलाया जा रहे सेवा महाकुंभ कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 22.09.2026 को रायपुर के रेडक्रस हॉल मे कलेक्टर गौरव सिंह जी ने गोधा ( जैन ) परिवार रायपुर के द्वारा अपनी आदरणीया माँ श्रीमती देऊ बाई जी के निधन उपरांत उनकी इच्छानुसार नेत्रदान के लिए परिवार को इस उल्लेखनीय दान के लिए सम्मानित किया । नेत्रदान के अलावा परिवार जनों द्वारा सामाज सेवा के कार्य के अंतर्गत 14 यूनिट ब्लड दिया,पूरे 11 दिन मानव सेवा, जीवदया के कार्य गोशाला मे गोग्रास, कुष्ठ रोगि, बुजुर्ग निराश्रीत, को भोजन एवं फल वितरण, मुक बधीर बच्चों , मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को कॉपी, पेन एवं फल वितरण, पक्षयों को दाना , जरूरत मंद लोगों को



चश्मा, श्रवण मशीन, जरूरतमंद मरीजों को डायलिसस, जयपुर पेर, मानसिक रूप से डीसेबल लोगों को भोजन एवं फल वितरण, पेड़ लगाना, पुराने कपड़े, खिलौने इत्यादि के दान के कार्य को रायपुर कलेक्टर महोदय सराहा एवं गोधा परिवार की प्रशंसा की । सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्य में अग्रणी गोधा परिवार के 2 लोगों ने देहदान एवं 8 लोगो नेत्रदान करने का संकल्प पत्र भरने की भी जानकरी दी।

# महापौर ने कौरिनभाठा तालाब के पास वृक्षारोपण कर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफसफाई के अलावा जन सहभागिता से अन्य गतिविधिया संचालित करने की कडी में महापौर श्री मधुसूदनर यादव ने कौरिनभाठा तालाब के पास वृक्षारोपण कर स्वच्छता एंव पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण में निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पार्षद श्री सेवक राम उईके व श्री दुरेन्द्र साहू एवं वार्डवासियो की सहभागिता रही। वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की नितांत आवश्यक है। तालाब के पास वृक्षारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने की सार्थकता तभी होगी, जब उसकी नियमित देख भाल की जायेगी। उन्होंने वार्ड पार्षद एवं वार्डवासियो को इसकी



सुरक्षा का संकल्प लेने कहा। उन्होने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छता बिना जन भागीदारी के संभव नही है, उसी प्रकार पौधारोपण भी देख रेख के बिना सार्थक नही है। आज के इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता में सहभागिता निभाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाकर उसकी रक्षा का संकल्प लेने की अपील की।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास सिंह ठाकुर निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद, (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 09 भाग रकबा 0.41 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्शीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC24C0108CG5107849N** दिनांक 28/04/2026 को उत्खनन क्षमता 2177.5 टन प्रतिवर्ष (871 घनमीटर / प्रतिवर्ष) हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।

कृते
**श्री विकास सिंह ठाकुर**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोशन अग्रवाल पिता स्व. श्री पवन अग्रवाल निवासी कॉलेज रोड महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना,तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 331, 333 / 1, कुल रकबा 0.26 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्शीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC24B0108CG5840546N** दिनांक 16/04/2026 को उत्खनन क्षमता 1250 टन प्रतिवर्ष (500 घनमीटर / प्रतिवर्ष) हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।

कृते
**श्री रोशन अग्रवाल**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति मंजरी सिंह पति स्व. श्री राजेश्वर सिंह, निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 329 भाग रकबा 1.60 हेक्टेयर भूमि, पर गौण खनिज फर्शीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC24B0108CG5417945N** दिनांक 10/04/2026 को उत्खनन क्षमता 1616.25 टन प्रतिवर्ष (646.5 घनमीटर / प्रतिवर्ष) हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।

कृते
**श्रीमती ज्योति मंजरी सिंह**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्री साई फर्शी उघोग, प्रो. श्री अजय सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री दलगंजन सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद, (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 333/3, कुल रकबा 0.54 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्शीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या **EC24C0108CG5180247N** दिनांक 28/04/2026 को उत्खनन क्षमता 2167.5 टन प्रतिवर्ष (867 घनमीटर / प्रतिवर्ष) हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन, जलवायु मंत्रालय की वेवसाईट **https://parivesh.nic.in** पर किया जा सकता है।

कृते
**मेसर्स श्री साई फर्शी उघोग,**
**प्रो. श्री अजय सिंह ठाकुर**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
## ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./26-27/18
दिनांकः 18.09.2026, (ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्यः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत ईब फ्लाईओवर से सम्बंधित ब्रिज नंबर 7 के लिए कम्पोजिट प्लेट गर्डर और ब्रिज नंबर 13 व 13A के लिए ओपन वेब गर्डर की सप्लाई, फैब्रिकेशन, इरेक्शन, लॉन्चिंग और डेक स्लैब कास्टिंग का काम; इसमें सभी संबंधित और अन्य काम भी शामिल हैं और यह काम हर तरह से पूर्ण किया जाना है।" **निविदा मूल्यः रु. 173000542.87, अमानत राशिः रू. 3460000.00, निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य। **कार्य पूरा होने की अवधिः 08** (आठ) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 13/10/2026 को 15:00 बजे तक। **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः** 13/10/2026 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, अथवा, बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता /निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, रायपुर -पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबन्धक/पश्चिम/निर्माण/ नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, नागपुर पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/ देख सकते है।

*उप मुख्य अभियंता/निर्माण*
*सीपीआर/10/420* *द.पू.मध्य रेलवे, रायगढ़*
South East Central Railway @secrail

# उद्योग + गढ़ = छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

निवेशकों के लिए बेहतर माहौल और आधारभूत बुनियादी ढांचा

हमारा लक्ष्य
## इज ऑफ़ डूइंग बिजनेस

- विगत ढाई वर्षों में प्रदेश में **3,009** नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना
- **50,807** लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार
- राज्य को 264 औद्योगिक परियोजनाओं से लगभग **8.22 लाख करोड़** रुपये के निवेश प्रस्ताव
- **154** परियोजनाएं निर्माणाधीन
- **1.72 लाख** से अधिक रोजगार सृजन की संभावना



इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण | ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा | अधोसंरचना एवं लॉजिस्टिक्स | कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग | आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक | स्वास्थ्य सेवा एवं फार्मा क्षेत्र

SAMVAD-48627/35

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

## सुशासन से समृद्धि की ओर